
26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 11 जुलाई , 2026
अंक- 257 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# चढ़ावा चोरी 'कलंक'

## मिश्रा बोले- व्यवस्था में होगा सुधार



**अयोध्या ( एजेंसी/चिंगारी )।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने राम मंदिर में सामने आए चढ़ावा चोरी प्रकरण को 'कलंक' बताते हुए कहा कि लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। ऐसे में इस प्रकार की घटना हम सभी को छोटा महसूस कराती है। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार किए जाएंगे ताकि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न हो। आज अयोध्या में पत्रकारों से बातचीत के दौरान नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि मंदिर के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) की नियुक्ति के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति की संस्तुति के आधार पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अंतिम निर्णय करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि आज होने वाली बैठक पूरी तरह निर्माण कार्यों पर केंद्रित है। इस बैठक में ट्रस्ट के पदाधिकारी शामिल नहीं होंगे। बैठक में केवल निर्माण कार्य से जुड़ी कार्यदायी संस्थाओं और कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ परियोजना की प्रगति और शेष कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

आदर्श आयुर्वेदा
गुप्त रोग घबरायें नहीं उचित इलाज करवायें
धात, सैक्स, नामर्दी, शीघ्रपतन, बेऔलाद, शुक्राणु की कमी
जबर्दस्त मर्दाना ताकत प्राप्त करें।
गठिया, बाय, जोड़ों व घुटनों के पुराने दर्द का आयुर्वेद दवाइयों द्वारा सफल इलाज।
पता- बैराज रोड, निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बिजनौर
मो. 7017484725 बुधवार पूर्ण अवकाश

KUNWAR SATYAVIRA
COLLEGE OF ENGINEERING & MANAGEMENT
27 years of Excellence
• Approved by AICTE, New Delhi • Affiliated to Dr. A.P.J. Abdul Kalam Technical University, Lucknow
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2026-27
COURSES OFFERED
B.TECH. (BIO-TECH | CE | CSE | ECE | EE | ME)
SPECIALIZATION:
Artificial Intelligence & Machine Learning
Data Science & Inrenet of Things (IoT)
Green Technology & Sustainability Engineering
Robotics & Electric Vehicles
M.B.A. (FINANCE | HRM | IB | IT | OM | MARKETING)
BBA BCA
Heartiest Congratulations
PRANAV MALIK
B.TECH (CSE) Batch 2022-2026
PLACED IN TCS TATA CONSULTANCY SERVICES
PACKAGE LPA - 7.09
EXCELLENT ACADEMICS | EXPERIENCED FACULTY | MODERN LABS & INFRASTRUCTURE | INDUSTRY INTERFACE | HIGH PLACEMENT OPPORTUNITIES
CAMPUS: Bijnor City, Bijnor (U.P.) India
8191002009, 8191004009
EMAIL: admission@ksvira.edu.in
WEBSITE: ksvira.edu.in

Kunwar Satya Vira Degree College, Bijnor
KSVCEM BIJNOR COLLEGE CODE-791
Affiliated To Guru Jambheshwar University, Moradabad
Courses Offered
B.B.A
B.Com (Hons.)
B.Sc (Hons.) - Maths, Zoology, Botany / Chemistry
B.Sc (Gen / PCM / ZBC)
B.A (All Subjects)
Admission Open 2026-27
Computer Courses
Basic Computer Courses
MS Office, Photoshop, CCC
'O' & 'A' Level
Web & Android Development
Digital Marketing
E-Commerce
Opposite Government Polytechnic College, Bairaj Road, Bijnor
+91 9411853446

DR. GEET
Dental Surgeon & Implantologist
Ex. Resident Sarvodaya Hospital, Gaur City Greater Noida
आज ही अपॉइंटमेंट बुक करें और अपनी मुस्कान को स्वस्थ बनाएं!
हमारी सेवाएं :-
दांतों की जांच एवं परामर्श
दांतों की सफाई (स्केलिंग)
कैविटी (कीड़ा) का इलाज एवं फिलिंग
रूट कैनाल ट्रीटमेंट (RCT)
दांत निकालना (Extraction)
कृत्रिम दांत (Dentures)
दांतों की कैप एवं ब्रिज
बच्चों के दांतों का उपचार
टेढ़े-मेढ़े दांतों का इलाज (Braces)
दांतों की चमक बढ़ाने का उपचार (Teeth Whitening)
समय
प्रातः 9:30 से दोपहर 2:00 बजे तक
सायं 5:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक
सोमवार : सायं 5 बजे से 8 बजे तक
!! FREE OPD !!
पता : श्री गोपाल हॉस्पिटल, निकट स्वंयवर बैंकट हॉल, बिजनौर
Mob : +91-8439515803, 01342-263163

SB COLLEGE
SBC
NIOS (Ministry of Education, Govt. of India)
DNYS (2½ Years)
G.J.U., MORADABAD
BA LLB (5 Years)
LLB (3 Years)
ADMISSION OPEN
100% SCHOLARSHIP
6 KM Mile Stone, Bijnor- Noorpur Road, Near Dharampura, Bijnor- 246728 (U.P.)
7251999223, 9711144628, 7251999225

## किरतपुर के युवक की कश्मीर में करंट लगने से मौत

**किरतपुर ( चिंगारी )**। किरतपुर के एक युवक की कश्मीर में करंट लगने से मौत हो गई। चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय मोहल्ला हलवाईयान निवासी सलीम फरीदी का पुत्र सलमान फरीदी (25 वर्ष) कश्मीर में रहकर काम करता था। शुक्रवार को वह अपने कमरे पर जाकर इनवर्टर के तार ठीक कर रहा था, तभी उसे करंट लग गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सलमान फरीदी की मृत्यु से परिजनों में कोहराम मच गया, उनकर रो-रोकर का बुरा हाल है। मृतक को किरतपुर में दफनाया जाएगा। डेड बॉडी आज दोपहर तक पहुंचने की संभावना है। इस हादसे में मोहल्ले में शोक छा गया। मृतक बहुत मिलनसार, खुशमिजाज तथा जरूरतमंदों का काम आने वाला युवक था।

महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज
मात्र 5 लाख रुपयों में
100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने
के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234



DISTANCE AND ONLINE COURSES
➢MBA ➢MCA ➢M LIB
➢MA (JMC) ➢M.Sc
➢BBA ➢BCA ➢B LIB
➢BA (JMC) ➢B.Sc
ASIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION
MORADABAD ROAD NEAR ROOTS SCHOOL BIJNOR
PH. 9410600428, 9868264774

# मेघा इंजीनियरिंग कंपनी के स्टोर में हुई चोरी की वारदात

### घटना के खुलासे को पांच टीमों का गठन

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )**। रेहड़ में फोरलेन हाईवे किनारे स्थित मेघा इंजीनियरिंग कंपनी के गोदाम से 8/9 जुलाई की मध्यरात्रि एक बार फिर चोरी की वारदात सामने आई है। गत वर्ष भी यहां से चोर कीमती विद्युत तार चुराकर ले गए थे। वर्तमान में हुई चोरी को लेकर कंपनी के स्टोर मैनेजर देवेंद्र कुमार मिश्र पुत्र दुर्गा प्रसाद मिश्र निवासी ग्राम लामा बनकटा थाना मोतीगरपुर, जिला सुल्तानपुर की ओर से थाना रेहड़ में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। स्टोर मैनेजर के मुताबिक चोर गोदाम से 111 अदद एसएस सीसी रिंग, 47 अदद डीटी सीसी रिंग, 290 अदद एल्युमिनियम डेड इंड, 275 अदद जम्पर कोन, 380 आरमर रोड चुराकर ले गए हैं। रेहड़ थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा ने इस बाबत मुकदमा दर्ज किए जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि चोरी के खुलासे को लेकर पास टीम में गठित की गई है, जिनके भरसक प्रयासों से घटना का शीघ्र पर्दाफाश किया जाएगा।

### पहले भी हुई थी चोरी

मेघा इंजीनियरिंग कंपनी के इस गोदाम से 11/12 सितंबर 2025 की मध्यरात्रि को भी तार चोरी की घटना हुई थी। गोदाम इंचार्ज बिहार के जनपद सुपौल निवासी वसी अहमद पुत्र मौ. अली हसन ने घटना की बाबत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उस समय रेहड़ थानाध्यक्ष रहे विकास कुमार ने घटना का खुलासा करते हुए रामपुर जनपद के कई आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था।

# नजीबाबाद की दो मुख्य सड़कें खस्ताहाल, आना-जाना मुहाल

### अजमल खां मार्ग चौक बाजार तहसील मार्ग से गुजरना जोखिम भरा

नजीबाबाद (चिंगारी)। शहर की दो मुख्य सड़कें पिछले काफी वर्षों से अपनी खस्ताहाल हालत पर आंसू बहा रही है। बरसात की बारिश से इनका हाल काफी बिगड़ गया है। इन सड़कों से गुजरना बड़ा ही जोखिम भरा साबित हो रहा है। मगर नगरपालिका परिषद इन सड़कों को बनाने को तैयार नहीं है। जिससे नगर के लोगों में काफी नाराजगी है। नगरपालिका परिषद के चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम के करीब तीन साल के कार्यकाल में नगर में काफी संख्या में सड़कें बनाई गई है। शहर की मुख्य मार्ग की एमजीएम इंटर कॉलेज से लेकर रेलवे स्टेशन की काफी लम्बी सड़क का निर्माण भी कराया गया है। शहर की उन गली मौहल्लों व कालोनियों में भी सड़कें बनाई गई है, जहां काफी कम संख्या में लोगों का आवागमन रहता है। मगर नजीबाबाद का मुख्य मार्ग अजमल खां रोड व चैक बाजार से तहसील जाने वाला मार्ग जिस पर सबसे ज्यादा आवागमन रहता है, पिछले काफी सालों से खराब स्थिति में है। इन दोनों सड़कों पर काफी गड्ढे हो गये है तथा जगह-जगह से सड़क टूट चुकी है। अजमल खां मार्ग करीब आठ साल पहले इंटरलॉकिंग बनाया गया था। इसकी इंटर लॉकिंग कुछ वर्ष बाद ही बरसात के बाद टूटनी शुरू हो गई थी।



बरसात में हर बार इस मार्ग पर जलभराव से सड़क खस्ताहाल हो चुकी है। मगर इस मुख्य मार्ग की सड़क को नगर पालिका पक्की कंकरीट की नहीं बना पाई है। जिससे अब इस सड़क की हालत इतनी खराब हो गई है कि जगह-जगह से सड़क बैठ चुकी है तथा इंटरलॉकिंग टूट गई है। सबसे ज्यादा छोटे बड़े वाहनों के आवागमन वाले इस मार्ग में काफी गड्ढे हो चुके है। मगर इन गड्ढों को हर बार मिट्टी व रोड़ा डालकर भर दिया जाता है। सड़क कई जगह से बैठ जाने तथा सड़क पर जगह-जगह पानी निकालने के लिए बनाए गए चैम्बर सड़क से काफी ऊपर हो चुके है, सड़क चैम्बर के चारों ओर से बैठ चुकी है, जिससे वाहन चालकों खासकर ई-रिक्शा व बाइक चालकों के गिरने का लगातार खतरा बना हुआ है। चैक बाजार से तहसील पहुंच रही सड़क की हालत भी काफी खराब है। पता नहीं यह सड़क तीस साल पहले बनी थी या चालीस साल पहले मगर यह सड़क नगरपालिका ने आज तक नहीं बनाई है। इस सड़क पर भी शहर के बड़ी संख्या में लोगों के प्रतिदिन आने-जाने का सिलसिला रात-दिन चलता रहता है। थाना, नगरपालिका, रजिस्ट्री ऑफिस, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, एमडीएस, एमडीकेवी, रमा जैन जाने वाले शिक्षकों व विद्यार्थियों का रास्ता भी यही है, मगर फिर भी आज तक यह सड़क नहीं बनाई गई है। शहर के लोगों का कहना है कि नगरपालिका जब गली-मौहल्लों, कालोनियों व मुख्य मार्गों की सड़क बना रही है तो इन दो सड़कों को बनाने से आखिर क्यो छोड़ रखा है? जनता का कहना है जिस तरह से नगरपालिका सभी सड़कों का निर्माण कर रही। इन दोनों सड़कों का भी जल्दी निर्माण कराए जिससे शहरवासियों को परेशानी से निजात मिल सके। इस संबंध में चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम खान से बात करने का प्रयास किया गया मगर उनका स्वास्थ्य खराब चलने के कारण उनसे सम्पर्क नहीं हो पाया।

Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor



Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर



गौकशी करने वाले पकड़े गये अवैध शस्त्रों के साथ ( पेज 13 )



# खामेनेई को नम आंखों से किया सुपुर्द-ए-ख़ाक

**मशहद ( एजेंसी/चिंगारी )।** ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई और उनके परिवार के अन्य सदस्यों को मशहद शहर के इमाम रजा दरगाह में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। ईरान की समाचार एजेंसी इरना के अनुसार श्री खामेनेई के बड़े बेटे हुज्जतुलइस्लाम सैय्यद मुस्तफा हुसैनी खामेनेई की अगुवाई में लाखों लोगों ने जनाजे की नमाज अदा की। इसके साथ ही ईरान और पड़ोसी देश इराक के पांच शहरों में छह दिनों से चल रहा शोक संपन्न हो गया। मंगलवार को ईरान के मध्य शहर कोम में अंतिम संस्कार समारोह आयोजित किया गया, जिसके बाद अगले दिन इराक के शहरों नजफ और कर्बला में शोक समारोह हुए।

विदित हो कि श्री खामेनेई ने लगभग 37 वर्षों तक ईरान के सर्वोच्च नेता के रूप में कार्य किया। मार्च में उनके बेटे मुज्तबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता चुना गया था। इमाम रजा मार्ग से कल शाम (स्थानीय समयानुसार करीब 3 बजे) शुरू हुई इस अंतिम यात्रा में लाखों की संख्या में समर्थक काले कपड़ों में शामिल हुए। भीड़ ने पार्थिव शरीरों को ले जा रहे वाहन को घेर रखा था और लोग अमेरिका और इजरायल के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे



थे। साथ ही लोग अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ बैनर भी थामे हुए थे।

गौरतलब है कि अमेरिका एवं इजरायल के ईरान पर संयुक्त हमले में 28 फरवरी को तेहरान में श्री खामेनेई की मौत हो गयी थी। इसके बाद ईरान ने भी इजरायल एवं क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों पर हमले शुरू किये थे। श्री खामेनेई का अंतिम संस्कार ऐसे समय में हुआ है, जब ईरान और अमेरिका के बीच नये सिरे से सैन्य टकराव तेज हो गया है। हमलों के इस नये दौर के साथ ही श्री ट्रंप ने ईरान और अमेरिका के बीच पिछले महीने हुए समझौते के खत्म होने की घोषणा की थी। ईरान ने युद्धविराम के उल्लंघन के लिए पूरी तरह से अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया है। ईरान के सैन्य बलों ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने इस अंतिम विदाई में खलल डालने के लिये तेहरान-मशहद रेलवे लाइन के दो पुलों पर बीती रात बमबारी भी की थी। इस बीच, श्री खामेनेई के उत्तराधिकारी और देश के नये सर्वोच्च नेता चुने गये उनके बेटे श्री मोजतबा खामेनेई उस हमले में गंभीर रूप से घायल होने के बाद से सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं दिये और वह इस अंतिम संस्कार में भी शामिल नहीं हुये।

## जिला पंचायत अध्यक्ष बने प्रशासक

### सरकार ने जारी किया आदेश

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** प्रदेश सरकार ने जिला पंचायत अध्यक्षों को प्रशासक नियुक्त कर दिया है। शासन ने इस संबंध में शुक्रवार रात आदेश जारी कर दिया है। सभी 75 जिला पंचायत अध्यक्षों का पांच वर्षीय कार्यकाल शनिवार को समाप्त हो रहा है। नई व्यवस्था बनने तक अब संबंधित जिला पंचायतों और क्षेत्र पंचायतों का कामकाज निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रशासक के रूप में संभालेंगे।

पंचायती राज विभाग ने पहले ही शासन को इसका प्रस्ताव भेज दिया था, जिस पर सरकार ने मुहर लगा दी। वर्ष 2021 के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्षों की पहली बैठक 12 जुलाई 2021 को हुई थी। इसी आधार पर उनका कार्यकाल 11 जुलाई यानी शनिवार पूरा हो रहा है। इससे पहले 26 मई को ग्राम पंचायत प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने पर भी प्रदेश सरकार ने पहली बार निवर्तमान ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त किया था। इससे पूर्व यह जिम्मेदारी अधिकारियों को सौंपी जाती थी। अब उसी व्यवस्था को जिला पंचायतों और क्षेत्र पंचायतों में भी लागू किया गया है।

जिला पंचायत अध्यक्षों को प्रशासक बनाए जाने के बाद अब ब्लॉक प्रमुखों का भी रास्ता साफ हो सकता है। ब्लॉक प्रमुखों का कार्यकाल 19 जुलाई को समाप्त हो रहा



है। उसमें भी यही व्यवस्था लागू की जाएगी। 18 जुलाई को शासन इसका आदेश जारी कर सकता है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले प्रमाण-पत्रों में मेरा नाम रामकुमार पुत्र घनश्याम सिंह था, जो कि गलत है। अब मेरा सही नाम कुंवरपाल सिंह पुत्र घनश्याम सिंह है। भविष्य में मुझे कुंवरपाल सिंह पुत्र घनश्याम सिंह के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **-कुंवरपाल सिंह पुत्र घनश्याम सिंह मोहल्ला मोजमपुर जैत्रा, पो. व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।**

## राम मंदिर में चढ़ावा गिनने वाले 20 कर्मचारियों ने दिया इस्तीफ़ा

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** राम मंदिर में चढ़ावे की गिनती करने वाले 20 कर्मचारियों ने इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों के अनुसार, चढ़ावे में कथित गबन की जांच शुरू होने के बाद कार्य का दबाव बढ़ने और बदली कार्यप्रणाली के चलते कर्मचारियों ने यह फैसला लिया। इस्तीफों के बाद अब गिनती केंद्र में केवल करीब एक दर्जन कर्मचारी ही नियमित रूप से काम कर रहे हैं। ट्रस्ट सूत्रों के मुताबिक, गबन का मामला सामने आने के बाद ही कर्मचारियों की उपस्थिति कम होने लगी थी। पहले जहां करीब 40

### जांच के बीच बढ़ा काम का दबाव

कर्मचारी इस कार्य में लगे थे, वहीं जांच के बाद केवल 15 से 20 कर्मचारी ही नियमित रूप से ड्यूटी पर आ रहे थे। अब इनमें से करीब 20 कर्मचारियों ने भी इस्तीफा दे दिया है।

कर्मचारियों का कहना है कि पहले चढ़ावे की गिनती दो शिफ्टों में होती थी, लेकिन अब यह प्रक्रिया एक ही शिफ्ट में करीब नौ से दस घंटे तक चलती है। इसके बावजूद मानदेय में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की गई। उन्होंने यह भी बताया कि पहले टेबल-कुर्सियों पर बैठकर गिनती होती थी, जबकि अब फर्श पर बैठकर काम कराया जा रहा है। जांच के बाद गिनती केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था भी काफी सख्त कर दी गई है। कर्मचारियों को कई चरणों की तलाशी के बाद ही परिसर में प्रवेश दिया जा रहा है। उन्हें बिना जूते-चप्पल, मोबाइल फोन और निजी सामान के ही अंदर जाने की अनुमति है।



**भली लगे**
**या बुरी ...**

## याद रखें गांधी का कथन

**वर्तमान समय में सारी दुनिया को पर्यावरण संकट, ग्लोबल वार्मिंग तथा जल संकट से निपटने के लिए एकजुट होना होगा, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। संपूर्ण मानव जाति को अपने विकास के लिए समुचित बिजली, पानी, भोजन और स्वच्छ पर्यावरण की आवश्यकता है, पर विकसित देशों ने इस दिशा में अपनी जिम्मेदारी निभाना छोड़ दी है। अभी भी अफ्रीका के अनेक देश अपने नागरिकों के लिए उन सुविधाओं का विकास नहीं कर पाए हैं जो विकसित देशों में लोगों को सहज रूप से उपलब्ध हैं। लेकिन विकसित देश अपने द्वारा किए जाने वाले पर्यावरण प्रदूषण को जारी रखने के लिए गरीब देशों पर 'कार्बन रेटिंग' के नाम पर ऐसे तरीके थोप रहे हैं जिससे वहां के नागरिक मूलभूत नागरिक सुविधाओं से भी वंचित हो सकते हैं। दुनिया भर में जंगलों के कटने, ग्रीन हाउस गैसों के भारी उत्सर्जन, प्रदूषण के ओजोन पर्त तथा समुद्रों और भूगर्भ तक पहुंचने के कारण न केवल संपूर्ण मानवजाति, बल्कि स्वयं पृथ्वी ग्रह का अस्तित्व ही खतरे में पड़ता जा रहा है। इस प्रकार भारत में कमजोर मानसून के कारण पैदा होने वाला आर्थिक संकट अभिन्न रूप से अनेक वैश्विक परिघटनाओं, वैश्विक स्तर पर जारी युद्धों तथा प्रकृति व प्राकृतिक संसाधनों का विनाश करने वाली जीवनशैली से जुड़ा है। ऐसे में भारत समेत सारी दुनिया के नागरिकों को महात्मा गांधी का यह कथन याद रखना चाहिए कि इस धरती के पास सबकी जरूरतों को पूरा करने के लिए सब कुछ है, पर कुछ लोगों के लालच की पूर्ति के लिए उसके पास कुछ नहीं है। आज विकसित देशों और दुनिया के ट्रिलियनरी व मिलियनरी लोगों तथा उनके द्वारा संचालित बिजनेसों व बाजारों को महात्मा गांधी का यह कथन याद रखना जरूरी हो गया है।**

## दहेज के लिये दूल्हे ने तानी तलवार, दुल्हन ने शादी से किया इन्कार

अलीगढ़ में एक शादी समारोह में उस समय हड़कम्प मच गया, जब अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर दूल्हे ने तलवार निकालकर दुल्हन पक्ष के लोगों पर हमला कर दिया। इसमें दुल्हन का भाई घायल हो गया। इसका पता चलने पर दुल्हन ने शादी करने से इन्कार कर दिया। बारात को बैरंग लौटना पड़ा। दूल्हे सहित पांच लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया।

# जनविरोधी फ़ैसले रोकने के सारे लोकतांत्रिक रास्ते बंद?



▶▶इक़बाल हिन्दुस्तानी

ख़बर है कि बंगाल सरकार समाज विरोधी गतिविधियों को रोकने के नाम पर एक नया कानून ला रही है। इस कानून के तहत किसी को भी एक साल तक बिना ज़मानत दिये जेल में रखा जा सकेगा। इस दौरान उसकी प्रॉपर्टी नीलाम कर किसी आंदोलन के दौरान हुई सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान की क्षतिपूर्ति भी की जाएगी। ऐसे मामलों की सुनवाई हाईकोर्ट के एक से तीन वर्तमान या पूर्व जजों की सलाहकार कमेटी ही कर सकेगी। ऐसे ही जनविरोधी कानून पहले से यूपी, गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में मौजूद हैं। किसी को अपराध की सज़ा मिले इससे कोई असहमति नहीं हो सकती, लेकिन सरकार अपने किसी संविधान विरोधी अलोकतांत्रिक और जनविरोधी फ़ैसले का विरोध करने पर लोगों को एक साल के लिए बिना ज़मानत दिये जेल में डाल दे, यह कैसे कानून का राज माना जा सकता है। हालांकि केंद्र सरकार के यूएपीए कानून में भी पहले से ऐसे ही कठोर प्रावधान हैं, जिनमें आरोपी को जेल में रहकर खुद को निर्दोष साबित करना होता है। राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम में भी ऐसे ही संविधान की मूल भावना के खिलाफ़ प्रिवेंटिव तरीके अपनाए जाते रहे हैं, जिनकी नागरिक अधिकारों की रक्षा करने वाले संगठनों से लगातार आलोचना हुई है। बंगाल सरकार ने स्कूलों में मिड-डे मील में अंडे परोसना भी बंद कर दिया है। इसके साथ ही पिछड़ों का सरकारी सेवा और शिक्षा में आरक्षण 17 से घटाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले ईद कुर्बान पर गाय काटने पर रोक लगाकर उन हिंदू पशु पालकों का भी भारी नुकसान किया था जो साल भर इस त्यौहार की प्रतीक्षा कुछ कमाई के लिए करते हैं। टेलीग्राफ जैसे बड़े अख़बार के एडिटर रहे राजगोपाल जैसे वरिष्ठ पत्रकार का नाम भी एसआईआर से गायब हो गया है। अब उनका पासपोर्ट भी रिन्यू नहीं हुआ, जिससे वह अपनी बेटी की शादी तक में विदेश नहीं जा सके। इसका कारण टेलीग्राफ में मोदी और बीजेपी सरकार की तीखी आलोचना को भी माना जा रहा है। अगर इतने बड़े पत्रकार के साथ यह बदले की भावना काम कर सकती है तो सोचिए आम आदमी का क्या होगा, जो सरकार के गलत कामों का विरोध करता होगा। बीजेपी सरकारों ने धर्म परिवर्तन, अंतरधार्मिक प्रेम विवाह और लिव इन रिलेशन को रजिस्ट्रेशन कानूनन अनिवार्य करके अप्रत्यक्ष रूप से असंवैधानिक रोक लगा दी है, क्योंकि अनुमति मांगने पर अनुमति देने की बजाए ये सरकारें ऐसे लोगों का उत्पीड़न शुरू कर देती हैं। कांग्रेस के केंद्र में सत्ता में रहते जब आतंक विरोधी टाडा और पोटा जैसे विवादित कानून बनते थे तो सुप्रीम कोर्ट उनकी समीक्षा करता था और वे कई बार निरस्त भी किये गये। लेकिन बीजेपी के राज में विपक्ष की सरकारों के जनहित के कानूनों को तो उसके राज्यपाल और यहां तक कि राष्ट्रपति तक सालों तक रोककर बैठे रहते हैं, लेकिन बीजेपी की राज्य सरकारों का कोई भी विवादित कानून वे कभी नहीं रोकते। गोदी मीडिया भी ऐसे जनविरोधी कानूनों की आलोचना के बजाए उसके पक्ष में एक सुनियोजित अभियान चलाता हुआ नज़र आता है। सबसे दुख और चिंता की बात तो यह है कि अब ऐसे मामलों की सुनवाई के लिए अव्वल तो सुप्रीम कोर्ट तैयार ही नहीं होता और जब तब याची को हाईकोर्ट जाने की बात कहकर पल्ला झाड़ लेता है। जब कोर्ट ऐसे मामले अनचाहे ढंग से सुनता भी है तो सालों तक टालता रहता है। उसके बाद बेंच के किसी जज का ट्रांसफर या रिटायरमेंट होने पर नई बेंच बना देता है, फिर लंबे समय तक वह बेंच फिर से पूरा मामला सुनती है। उसके बाद भी अकसर बेंच फैसले को सुरक्षित रख लेती है। इससे कई बार जब फैसला लंबे समय बाद आता भी है तो मूल मुद्दा ही खत्म हो चुका होता है। जैसे कई बार महाराष्ट्र सहित कई राज्य सरकारों, सांसदों और विधायकों के चुनाव को लेकर हुआ है। वैसे तो अधिकांश मामलों में सरकार और कोर्ट एक ही पेज पर नज़र आते हैं। हमारे चीफ़ जस्टिस कुछ भी दावा करें, लेकिन उनके कई फैसले चीख़-चीख़कर बोल रहे हैं कि वे फ़ैसले जनता के कम सत्ता के पक्ष में अधिक झुके नज़र आ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने कहा था कि न्याय केवल होना नहीं चाहिए, बल्कि होता हुआ नज़र भी आना चाहिए। एसआईआर से जुड़े विवादों पर चुनाव आयोग ने पिछले कई वर्षों में विपक्ष ही नहीं न्यूटल लोगों को भी बुरी तरह निराश किया है। उमर खालिद और उनके साथ कई साल से जेल में बंद लोगों का मामला तो और भी गंभीर है। आज तक उनको चार्जशीट दाखिल कर दोषी साबित नहीं किया गया है, लेकिन बेल नियम जेल अपवाद कहने वाला कोर्ट उनको फिर भी ज़मानत नहीं देता है। सीएए जैसे विवादित कानून के खिलाफ़ उन्होंने शांतिपूर्ण आंदोलन किया था। उस दौरान ही सुनियोजित दंगा हुआ और उनको उनके साथियों सहित दंगे के आरोप में गम्भीर धाराएं लगाकर आज तक जेल में बंद रखा गया है। महाराष्ट्र में ऑटो रिक्शा चलाने वाले लाखों ड्राइवर को मराठी जानना अनिवार्य कर दिया गया है, नहीं तो उनके ड्राइविंग लाइसेंस रिन्यू नहीं किए जाएंगे। यूपी में लंबे समय से फ़र्ज़ी एनकाउंटर और हाफ एनकाउंटर हो रहे हैं। किसी भी अपराध का आरोप लगाकर किसी को भी पकड़ा जाता है। सुप्रीम कोर्ट के स्टैंडिंग ऑर्डर के बावजूद आरोपियों के घर पर तत्काल नियम विरुद्ध बुलडोजर चला दिया जाता है। अब ऐसे मामलों में न तो विपक्ष बोलता है और न ही अपने ही आदेशों की धज्जियां उड़ने पर सर्वोच्च न्यायालय कोई सख्त कार्रवाही करता है। देश के इसी सबसे बड़े राज्य में किसी को भी किसी तरह के मीट के साथ पकड़कर गौमांस बताया जाता है, पीटा जाता है, मॉब लिंच कर दिया जाता है, बाद में मांस की जांच में आरोप झूठे निकलते हैं। कई अल्पसंख्यकों के स्लॉटर हाऊस ऐसे ही आरोप लगते ही सील कर दिये गये हैं। उन पर गैंगस्टर एक्ट लगाकर उनके घर-दुकान और दूसरी प्रॉपर्टी भी ध्वस्त कर दिए जाते हैं। नागरिकता साबित करने को लेकर एसआईआर में जिन प्रमाण-पत्रों को मान्यता दी गई थी अब उनको भी मानने से इनकार किया जा रहा है। हाल ही में विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट तक को मात्र यात्रा दस्तावेज़ बताकर नागरिकता साबित करने का डाक्यूमेंट होने से मना कर दिया है। उधर गौहाटी हाईकोर्ट ने असम के एक बुजुर्ग द्वारा 15 कागज़ दिखाने के बावजूद भारतीय नागरिक मानने से मना कर दिया, जबकि इन कागज़ात में 1951 की वो एनआरसी भी थी, जिसमें उसके दादा-दादी का नाम मौजूद है। अब इस अभागे असमी मुसलमान के पास सुप्रीम कोर्ट जाने का ही विकल्प बचा है, लेकिन वहां के लिये महंगा वकील करना अव्वल तो सबके बस की बात होती नहीं, दूसरे सबसे बड़ी अदालत भी ऐसे मामलों में लोगों को अकसर निराश ही कर रही है, इसलिए किसी सकारात्मक नतीजे की उम्मीद नहीं है। कभी-कभी कुछ हाईकोर्ट अपवाद स्वरूप ऐसे फैसले और टिप्पणियां कर देते हैं जिनसे हल्की-सी उम्मीद की किरण दिखती है। मिसाल के तौर पर पिछले दिनों बॉम्बे हाईकोर्ट की एक बेंच ने कहा सरकार लोगों को गुलाम बनाना चाहती है, क्योंकि उसके ख़िलाफ़ आंदोलन या विरोध करते ही कई मुकदमे लोगों पर दर्ज हो जाते हैं। यूपी के कांग्रेस के एक बड़े छात्र नेता का कहना है कि उस पर सरकार के विरोध में आंदोलन करने के आरोप में 39 मुकदमे अब तक दर्ज हो चुके हैं। उधर, नेता विपक्ष अखिलेश यादव कहते हैं कि सरकार धरना-प्रदर्शन तो दूर किसी की हत्या होने पर उसके परिवार से भी हमें मिलने नहीं देती, ऐसा लगता है राज्य में इमरजेंसी लगी है। बंगाल और बिहार में एसआईआर से छूट गए लोगों को वहां की सरकारों ने राज्यों की समाज कल्याण योजनाओं के लाभ से वंचित करने ऐलान पहले ही कर दिया है। इस मामले सुप्रीम कोर्ट सुनवाई दौरान 27 लाख लोगों को अगली बार वोट दे देने की बात कहकर उनके नागरिक अधिकारों की मज़ाक भी उड़ा चुका है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब चुनावों की निष्पक्षता पहले ही संदेह के घेरे में हो, कोर्ट असंवैधानिक सरकारी फैसलों को रोकने को तैयार नहीं हो और सरकार के जनविरोधी फ़ैसलों का किसी भी स्तर पर विरोध भी नहीं करने दिया जा रहा तो जनता के पास क्या विकल्प बचता है।



**( नोट : लेखक नवभारत टाइम्स डॉट कॉम के ब्लॉगर हैं। )**

# गांव का नाम तैयबपुर, मुस्लिम कोई रहता नहीं

## रिकॉर्ड में कुछ और नाम, प्रचलन में कुछ और

**नांगल सोती (चिंगारी)।** अक्सर गांवों के नाम से उस गांव के इतिहास, भूगोल, स्थानीय संस्कृति और गांव के संस्थापक की जानकारी मिलती है। मगर कई बार गांवों के नाम बड़े अजीबोगरीब भी मिलते हैं, जिनका गांव में निवास करने वाली आबादी से कोई सम्बन्ध ही नज़र नहीं आता है। ऐसा ही एक गांव है गंगा के एकदम किनारे पर बसा तैयबपुर गौरवा है। इस ग्राम पंचायत का नाम भी राजस्व रिकॉर्ड में तैयबपुर गौरवा ही है। ग्राम पंचायत के तीन राजस्व गांवों (मौजों) गौसपुर, तैयबपुर गौरवा तथा पृथ्वीपुर में आबादी निवास करती है। पूरी ग्राम पंचायत तैयबपुर गौरवा में कोई मुस्लिम व्यक्ति नहीं रहता है, लेकिन गांव का नाम तैयब (मुस्लिम) के नाम पर है। इस ग्राम पंचायत का नाम तैयबपुर कैसे पड़ा, इसके बारे में ग्रामीणों को भी कोई जानकारी नहीं है। गांव के पूर्व प्रधान राजेश कुमार, वीरेन्द्र सिंह, मा. भूपेन्द्र सिंह दिव्यांग बताते हैं कि उन्होंने कभी किसी बुजुर्ग से नहीं सुना कि गांव में कभी कोई मुस्लिम परिवार रहता था, फिर गांव का नाम तैयबपुर कैसे पड़ा, इसके सम्बन्ध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

उधर, नांगल क्षेत्र के ज्यादातर गांवों के नाम राजस्व रिकॉर्ड में कुछ और हैं, जबकि प्रचलन में कुछ और। ग्राम पंचायत रायपुर खास को अधिकतर क्षेत्रवासी कोटसराय के नाम से जानते हैं। रसूलपुर सैद को अधिकांश लोग सैदपुरी ही बोलते हैं और शेरपुर अभि को अभिपुरा। महारायपुर खास को लोग दिनौड़ी, लालपुर मान को मानपुर, कामराजपुर को राजपुर, चंदोक को छिन्दोक के नाम से जाना जाता है। ग्राम पंचायत शाहजहांपुर जसरथ का नाम तो क्षेत्र में गिनती के लोगों को ही याद है। इस पंचायत का प्रचलित नाम पूंडरी कलां है। ग्राम पंचायत के लोग थाने में दिये जाने वाले प्रार्थना-पत्र में भी गांव का नाम पूंडरी कलां ही लिखते हैं। इसके पड़ोस के गांव पूंडरी खुर्द को छोटी पूंडरी के नाम से जाना जाता है।




## शिविर में चिकित्सकों को सम्मानित किया, मंदिर में पौधारोपण किया

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल बिजनौर के सेवा सप्ताह के तहत संत रविदास मंदिर जाब्तागंज में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में अनेक मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। शिविर का शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता, जिला मंत्री सौरभ शर्मा, जिला सुरक्षा प्रमुख अभिषेक त्यागी, नगर संयोजक ओमकार कैसले, प्रथम सिंघल, संदीप ने संयुक रूप से भगवान श्रीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने सेवा कार्यों को समाज के बीच में अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का आवाहन किया। शिविर में नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एसके जौहर व दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव अरोड़ा, डॉ. रविंद्र कुमार, डॉ. रजत चौधरी, कनिका, विजय कुमार लेब टेक्नीशियन आदि का पूर्ण सहयोग रहा। मरीज के स्वास्थ्य के परीक्षण के साथ रक्त, शुगर, बीपी, मलेरिया, टाइफाइड, डेंगू की नि:शुल्क जांच की गई। चिकित्सकों ने मौसमी बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया। इस मौके पर दुष्यंत, प्रथम सिंघल, सचिन, अंकित का पूर्ण सहयोग रहा। शिविर के समापन पर सभी चिकित्सकों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा मंदिर प्रांगण में पौधारोपण किया गया।

## संगठन को मजबूत बनायें- शैलेंद्र

**नगीना (चिंगारी)।** अपना दल (एस) विधानसभा नगीना के कैंप कार्यालय पर पार्टी की संगठनात्मक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। शुक्रवार की दोपहर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी एडवोकेट ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों, सामाजिक न्याय एवं विकास के संदेश को घर-घर पहुंचाएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन के पद पर ध्यान न देते हुए निष्ठा के साथ पार्टी को मजबूत करने के निर्देश भी दिये। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष किशोर कुमार, जिला महासचिव अल्पसंख्यक मोर्चा इसरार अहमद, जिला महासचिव शाहिद अहमद, देवेंद्र चौहान, विधानसभा अध्यक्ष बढ़ापुर नरेश चौहान, जिला महासचिव किसान मोर्चा दुष्यंत ठाकुर, जिला सचिव प्रदीप चौधरी तथा जिला उपाध्यक्ष आकाश तोमर आदि मौजूद रहे।



नगीना में आयोजित अपना दल (एस) की बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी।

## नगीना में हुआ गायत्री महायज्ञ

**नगीना (चिंगारी)।** गायत्री परिवार नगीना के तत्वावधान में आयोजित गायत्री महायज्ञ में काफी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। शुक्रवार को दयानंद वैदिक कन्या इंटर कॉलेज के प्रांगण में अखंड दीपक प्राकट्य के 100 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में विश्व कल्याण के लिए नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन हुआ। गायत्री परिवार से जुड़े नगीना के निशीथ प्रकाश गर्ग व उनकी पत्नी नीना गर्ग की देखरेख में हुए महायज्ञ कार्यक्रम में आए महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने पूरे विधि विधान से यज्ञ में आहुति दी। समापन पर प्रसाद वितरण के साथ कार्यकर्ता गोष्ठी का आयोजन भी हुआ। गायत्री परिवार से जुड़े जिला समन्वयक पुखराज सिंह, जिला सहसमन्वयक इंद्रदेव शर्मा, कामायनी शर्मा, जिला संरक्षक सोमेश्वरदत्त शर्मा, ब्लॉक संरक्षक नरेश सिंह, मोरना से अश्वनी कुमार, धामपुर से मंगू सिंह, जयप्रकाश सिंह, अनिल कुमार, अफजलगढ़ से हरिशंकर वर्मा, हल्दौर से कृष्ण मुरारी, श्रुति, महिपाल, उमेश कुमार, पंडित सचिन शर्मा आदि की मौजूदगी में यज्ञ कार्यक्रम संपन्न हुआ।



## खुर्शीद मंसूरी ने कई गांवों में जनसंपर्क कर आसपा से जुड़ने का आह्वान किया

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** साहनपुर नगर पंचायत के चेयरमैन एवं आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी ने नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुस्सेपुर, जोगीरम्पुरा एवं परमावाला में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान गांवों के जिम्मेदार लोगों एवं ग्रामीणों से मुलाकात कर अधिक से अधिक लोगों से आज़ाद समाज पार्टी से जुड़ने का आह्वान किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि आज दलित, मुस्लिम, पिछड़े एवं वंचित समाज की आवाज़ को मजबूती से उठाने का कार्य नगीना सांसद चंद्रशेखर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नजीबाबाद विधानसभा विकास के मामले में काफी पिछड़ चुकी है। क्षेत्र की जनता बदलाव चाहती है। इस अवसर पर जोगीरम्पुरी के प्रधान हारून, नाज़िम, अशरफ, ताहिर, परमावाला से अफ़ज़ाल, अनवर, ध्यान सिंह, ताहिर मंसूरी, गुलज़ार, आबिद, मुस्सेपुर से सेक्टर अध्यक्ष जोगराज, विधानसभा महासचिव वीरेंद्र हिमांशु, तरुण गौतम, गौरव, चित्रास सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।





# धामपुर में अधर में लटका गौशाला का निर्माण

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद धामपुर क्षेत्र में अब तक गौशाला का निर्माण न होने से निराश्रित गौवंश सड़कों, मुख्य चौराहों और गली-मोहल्लों में भटकने को मजबूर हैं। प्रदेश सरकार द्वारा गोवंश संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लगातार

## निराश्रित गौवंश सड़कों पर भटकने को मजबूर

गौशालाओं का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन सरकार के दूसरे कार्यकाल के अंतिम चरण में पहुंचने के बावजूद धामपुर में भूमि उपलब्ध न होने के कारण गौशाला निर्माण की योजना साकार नहीं हो सकी है।

गौशाला निर्माण के लिए नगर पालिका परिषद ने राजस्व विभाग से भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। इसके बाद नायब तहसीलदार, धामपुर के लेखपाल तथा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ल ने ग्राम मोहम्मदपुर सादा में चिन्हित भूमि का निरीक्षण किया। अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ल ने बताया कि ग्राम मोहम्मदपुर सादा में लगभग 14 बीघा भूमि उपलब्ध है। राजस्व विभाग द्वारा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर भूमि नगर पालिका को हस्तांतरित किए जाने के बाद गौशाला



फाइल फोटो।

निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। वहीं लेखपाल प्रभात चौधरी ने बताया कि 14 बीघा भूमि में से कुछ हिस्सा सरकारी अभिलेखों में बाग के रूप में दर्ज है। इसी कारण इस भूमि का उपयोग किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जा सकता और नगर पालिका को इसका प्रस्ताव नहीं भेजा गया है। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग ने नगीना मार्ग स्थित ग्राम रसूलपुर इम्मा तथा नहटौर मार्ग पर ग्राम मीमला के निकट चारागाह की भूमि का भी निरीक्षण किया, लेकिन ये स्थान गौशाला निर्माण के लिए उपयुक्त नहीं पाए गए। विभाग द्वारा अभी भी उपयुक्त भूमि की तलाश जारी है।

उधर, गौ सेवक गौतम गिरि, अमित गिरि और आदित्य गिरि सहित अन्य लोगों ने धामपुर नगर पालिका क्षेत्र में शीघ्र गौशाला निर्माण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि गौशाला बनने से निराश्रित गोवंश को संरक्षण मिलेगा और शहर की सड़कों पर घूमने से होने वाली दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा।

# शाबाश वंशिका चौहान, एमबीए द्वितीय सेमेस्टर में इन्स्टीट्यूट में प्राप्त किया प्रथम स्थान



**धामपुर ( चिंगारी )।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के एमबीए द्वितीय सेमेस्टर (प्रथम वर्ष) का परीक्षाफल डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा जारी किया गया। परिणाम में संस्थान के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्था एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। जिसमें छात्रा वंशिका चौहान पुत्री ओमपाल सिंह को 75.2 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए इंस्टीट्यूट मे प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। छात्रा खुशी पुत्री राकेश कुमार 72.6 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान पर रहीं एवं छात्रा संस्कृति अग्रवाल पुत्री राजकुमार अग्रवाल 72.5 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान पर रहीं। संस्था की चेयरपर्सन डॉ. नीलम अग्रवाल ने बताया कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके परिश्रम, अनुशासन तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। संस्थान के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल, रजिस्ट्रार राजीव कुमार, अकेडमिक इन्चार्ज अमित विश्नोई, प्राचार्य डॉ. दुष्यंत जैन, विभागाध्यक्ष बृजनेश सिसौदिया, डॉ. एकता मलिक, कोर्डिनेटर नाजिश, निधि चौहान, डॉ. समीर अहमद, राजेश कुमार, नमन कौशिक, मंशा अग्रवाल आदि ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# टेबल फैन में आये करंट की चपेट में आकर किशोर की मौत

**शेरकोट ( चिंगारी )।** टेबल फैन में आये करंट की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम मंधोरा निवासी अमित कुमार 17 वर्ष पुत्र सुखराम सिंह सैनी शुक्रवार की रात दस बजे अपने घर में सोने की तैयारी कर रहा था। बताया जाता है इस दौरान टेबल फैन चलाने पर अमित अचानक पंखे में आये करंट की चपेट में आ गया, जिससे अमित की चीख निकल गई और वह बेहोश हो गया। अमित की चीख सुनकर परिजन कमरे में पहुंचे और उसे उपचार हेतु तत्काल धामपुर के प्राइवेट अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया और मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। समाचार लिखे जाने तक अमित का शव घर पर रखा हुआ था और अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही थी।

## इकलौता पुत्र था

**मृतक अमित अपने माता पिता की दो संतानों में उनका इकलौता पुत्र था और अपनी बहन से छोटा था। बताया जाता है कि वह गांव के विद्यालय में कक्षा 11 का छात्र था और फ्री समय में अपने पिता सुखराम सिंह के साथ खेती किसानी और वैवाहिक कार्यक्रमों में लाइट की सजावट का काम करने में हाथ बटाता था। इकलौता पुत्र होने के कारण वह परिवार में सभी का दुलारा था। अचानक हुए इस हृदयविदारक हादसे से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और उनका रो-रोकर बुरा हाल है।**

# 'ऊं' के उच्चारण की प्रतियोगिता आयोजित की, बच्चे पुरस्कृत

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** श्री कृष्ण कृपा धाम, श्रवण सेवा एवं शोध संस्थान तथा अन्तराष्ट्रीय हिन्दी सेवा समूह, हरिद्वार के संयुक्त तत्वावधान में 'ऊं' के उच्चारण की अवधि के सम्बन्ध में एक प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 25 ब्रह्मचारियों ने प्रतिभाग किया। इसमें विशाल ने प्रथम, कार्तिक ने द्वितीय और शिवा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजयी बच्चों को गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज द्वारा पुरस्कृत किया गया तथा सभी प्रतिभागी बच्चों को भी उपहार भेंट किए गए। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक तथा समूह के संचालक डॉ. अशोक गिरि द्वारा स्वामी जी को अन्तराष्ट्रीय हिन्दी सेवा समूह का स्मृति चिह्न तथा आचार्य राजेश योगी जी को उपहार भेंट किए गए। आयोजकों द्वारा भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर राजकुमार, पवन, अजय मलिक, पंकज गिरि, चांद गिरि, अश्विनी गोयल और अमरपाल सिंह इत्यादि उपस्थित थे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# राजेन्द्र कुमार अरोड़ा के स्मृति दिवस पर हनुमान चालीसा का सात बार सामूहिक पाठ किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर की अग्रणी धार्मिक संस्था श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के संस्थापक और मार्गदर्शक स्वर्गीय राजेंद्र कुमार अरोड़ा का सप्तम स्मृति दिवस श्रद्धापूर्वक आयोजित किया गया ।

सनातन धर्म सभा शिव मंदिर पंजाबी कॉलोनी में जगदीश लाल अरोड़ा, निखिल अरोड़ा, नानू अरोड़ा, अनमोल अरोड़ा तथा पुलकित अरोड़ा के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया, जिसके मुख्य यजमान जगदीश लाल अरोड़ा, रीतिका रानी अरोड़ा, प्रज्ञा रानी अरोड़ा, निखिल अरोड़ा, कमलेश रानी अरोड़ा, अनमोल अरोड़ा, नैंसी अरोड़ा, पलकी अरोड़ा उपस्थित रहे। पूजन आचार्य पंडित अश्वनी कुमार शर्मा ने कराया। कार्यक्रम में आचार्य पंडित पवन कौशिक को भी सम्मान प्रदान किया गया।



आयोजक परिवार को सम्मानित करते हुए संस्था के पदाधिकारी ।

कार्यक्रम में डॉ. एनपी सिंह, आचार्य डॉ. दिनेश चंद्र भारद्वाज, जितेंद्र मोहन कपूर, नितिन छाबड़ा, सौरभ मित्तल, जेके सलूजा, सुशील चोपड़ा, संजय छाबड़ा, सरदार सुरजीत सिंह ज्ञानी, सुभाष चंद्र कौशिक, निखिल छाबड़ा सत्री, डीके सलूजा मौजूद रहे। महंत राहुल अग्रवाल के संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम में अरुण कुमार अग्रवाल, सुनील कुमार, मनोज रस्तौगी, प्रीतम सिंह सैनी, राम प्रकाश वर्मा, आचार्य पंडित विकास वशिष्ठ, सर्वेश गिरि, सत्येंद्र कुमार शर्मा, महंत मोतीलाल शर्मा, पारस पुष्पक, नंदकिशोर रस्तौगी आदि रहे। कार्यक्रम में नवदुर्गा जागरण पार्टी धामपुर के संस्थापक सरदार महेंद्र सिंह सलूजा आराधक ने स्वर्गीय राजेंद्र कुमार अरोड़ा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।

# सड़क के दोनों ओर रहती रेहड़ी-ठेलों की भरमार, लोगों का पैदल चलना भी दुश्वार

**धामपुर ( चिंगारी )।** जैतरा चुंगी से लेकर धामपुर शुगर मिल तिराहे तक की सड़क के दोनों साइड में पैदल पथमार्ग पर अतिक्रमण कर लिए जाने के कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि इस मार्ग की दोनों साइडों के दुकानदार अपनी दुकानों के सामने पैसे लेकर रेहड़ी और ठेले लगवा रहे हैं। वैसे तो जैतरा पुलिस चौकी इसी स्थान पर बनी हुई है, जहां एक दरोगा और सिपाहियों की ड्यूटी लगी रहती है। परंतु पुलिस भी मूकदर्शक बनी रहती है। लोक निर्माण विभाग की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को राहगीरों ने हटाए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि फुटपाथ पैदल चलने वाले राहगीरों के लिए बनाया जाता है, परंतु कुछ लोग इस पर अतिक्रमण कर अवैध धन कमाई का माध्यम बना रहे हैं।

# जिले में कल होगा 76 लाख पौधों का रोपण

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश सरकार के वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के तहत कल 12 जुलाई को जनपद बिजनौर में एक ही दिन में लगभग 76 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभागवार तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि जिन विभागों ने अभी तक वन विभाग की नर्सरियों से अपने निर्धारित पौधे नहीं उठाए हैं, वे तत्काल पौध उठान की प्रक्रिया पूरी कर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर संरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि 12 जुलाई को प्रत्येक विभाग पौधारोपण के साथ एक कार्यक्रम भी आयोजित करेगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।



डीएम ने निर्देश दिये कि सभी तहसीलों, विकासखंडों, नगर निकायों और ग्राम पंचायतों में जनभागीदारी के साथ उत्साहपूर्वक पौधारोपण कराया जाए। अभियान में स्वयं सहायता समूह, गैर सरकारी संगठन, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) सहित विभिन्न संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि पूरे अभियान की प्रगति की प्रत्येक घंटे निगरानी की जाएगी और शाम तक कंट्रोल रूम के माध्यम से पोर्टल पर रिपोर्ट अपलोड की जाएगी।

### इलेक्शन मोड में संचालित किया जायेगा अभियान

**बैठक में प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग बिजनौर ने बताया कि अभियान को इलेक्शन मोड में संचालित किया जाएगा। इसके लिए उपजिलाधिकारियों को जोनल कॉर्डिनेटर, तहसीलदारों को जोनल मजिस्ट्रेट तथा खंड विकास अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। वन विभाग द्वारा राजकीय मेडिकल कॉलेज, स्वाहेड़ी ( बिजनौर ) में आयोजित मुख्य वृक्षारोपण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं शासन की ओर से आयुक्त एवं निबंधक, सहकारिता विभाग योगेश कुमार को बिजनौर जनपद का नोडल अधिकारी नामित किया गया है।**


# बिजनौर के सभी 11 ब्लॉकों में 13 से शुरू होंगे श्री अन्न कृषक प्रशिक्षण

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशन में उत्तर प्रदेश श्री अन्न (मिलेट्स) पुनरोद्धार कार्यक्रम (राज्य सेक्टर) वर्ष 2026-27 के तहत जनपद के सभी 11 विकासखंडों में 13 से 15 जुलाई तक विकासखंड स्तरीय श्री अन्न (मिलेट्स) कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को श्री अन्न की वैज्ञानिक खेती, उन्नत उत्पादन तकनीकों, मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण, विपणन और पोषण संबंधी महत्व की जानकारी उपलब्ध कराना है। जिलाधिकारी ने बताया कि कृषि विभाग की कार्ययोजना के अनुसार प्रत्येक विकासखंड में लगभग 100 किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में विशेष प्राथमिकता उन किसानों को दी जाएगी, जिन्हें चालू वर्ष में श्री अन्न (मिलेट्स) के नि:शुल्क मिनी किट उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि वे आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर उत्पादन और आय में वृद्धि कर सकें। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों, कृषि विभाग के अधिकारियों और नामित आयोजनकर्ताओं को निर्देश दिये हैं कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध और सुव्यवस्थित ढंग से पूरी कर कार्यक्रमों का सफल आयोजन कराया जाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 से 15 जुलाई तक प्रतिदिन प्रात: 11 बजे संबंधित विकास खंडों में आयोजित होंगे।

# हर घर तक पीएनजी पहुंचाने के लिए तेज करें अभियान- डीएम

## लंबित एनओसी प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में घरेलू उपभोक्ताओं को पाइपलाइन के माध्यम से प्राकृतिक गैस (पीएनजी) की आपूर्ति बढ़ाने तथा रिटेल आउटलेट से संबंधित लंबित अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) प्रकरणों के निस्तारण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को पाइप लाइन प्राकृतिक गैस से जोड़ने के लिए समन्वित प्रयास किए जाएं और पात्र परिवारों से आवेदन प्राप्त करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कर जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने का कार्य चल रहा है, वहां गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि आमजन को शीघ्र सुविधा मिल सके। डीएम ने प्रस्तावित पेट्रोल पंपों से जुड़े लंबित एनओसी प्रकरणों का नियमानुसार परीक्षण कर निर्धारित समय-सीमा में निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने नगर पालिका अधिकारियों को पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों एवं मार्गों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध पुनर्स्थापन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। वहीं विद्युत विभाग को आवश्यकतानुसार पोल व लाइन शिफ्टिंग में प्राथमिकता से कार्रवाई करने तथा जल निगम (शहरी) को पेयजल पाइपलाइन की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए गैस कंपनी के साथ समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि पेयजल आपूर्ति प्रभावित न हो। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी अभय प्रताप सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

धारा मोटर फाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# बिना पंजीकरण संचालित आकाश इंस्टीट्यूट को भेजा अंतिम नोटिस

**बिजनौर ( चिंगारी )।** डीआईओएस धर्मेंद्र सक्सेना ने नजीबाबाद रोड स्थित आकाश इंस्टीट्यूट को बिना वैध पंजीकरण संचालित होने के आरोप में अंतिम कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में तीन दिन के भीतर पंजीकरण प्रमाण-पत्र और संबंधित अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही निर्देश दिये है कि पंजीकरण होने तक कोचिंग संस्थान का संचालन तत्काल बंद किया जाए।

शुक्रवार को जारी नोटिस में डीआईओएस धर्मेंद्र कुमार सक्सेना ने बताया कि जनसुनवाई पोर्टल पर मिली शिकायत और 6 जुलाई को हुई सुनवाई के दौरान जांच में संस्थान का सक्षम प्राधिकारी से पंजीकरण नहीं पाया गया। जारी नोटिस में उत्तर प्रदेश कोचिंग विनियमन अधिनियम-2002 एवं कोचिंग सेंटर रेगुलेशन-2024 की विभिन्न धाराओं के उल्लंघन का उल्लेख किया गया है। डीआईओएस धर्मेंद्र कुमार सक्सेना ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब या वैध पंजीकरण प्रस्तुत नहीं करने पर संस्थान को सील करने, एक लाख रुपये तक का अर्थदंड लगाने, एफआईआर दर्ज कराने तथा अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# बिजनौर, नूरपुर व चांदपुर में चला अभियान पांच वाहन सीज, सात का चालान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद में अनाधिकृत यात्री वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग का विशेष अभियान शुक्रवार को भी जारी रहा। लगातार बारिश के कारण सड़कों पर यातायात अपेक्षाकृत कम रहा, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर वाहनों की सघन जांच कर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की। शुक्रवार को एआरटीओ महेश शर्मा और पीटीओ मुन्ना लाल के नेतृत्व में विभागीय टीमों ने बिजनौर, नूरपुर और चांदपुर क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध यात्री वाहनों को रोककर उनके दस्तावेज, परमिट और अन्य आवश्यक अभिलेखों की जांच की गई। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर पांच वाहनों के खिलाफ सीजर और सात वाहनों के चालान की कार्रवाई की गई। एआरटीओ प्रशासन/प्रवर्तन महेश कुमार शर्मा ने बताया कि सड़क परिवहन को सुरक्षित बनाना और जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। बिना परमिट अथवा नियमों के विपरीत संचालित यात्री वाहनों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। यात्रियों से भी केवल अधिकृत और वैध वाहनों का ही उपयोग करने की अपील की गई है।

## अपने शहर में..



### हद हो गई

ये नजारा है बिजनौर शहर का मोटरसाइकिल पर ओवरलोड सामान ले जाता युवक जिससे कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है और सड़क चलते लोगों को चोट आ सकती है। आखिर ट्रैफिक पुलिस की निगाहें इन पर क्यों नहीं जातीं।

(फोटो अतुल मिंटू)

## कल तीन विधानसभाओं में रालोद का कार्यकर्ता जनसंवाद एवं भाईचारा सम्मेलन

**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय लोकदल की ओर से 12 जुलाई को जनपद की चांदपुर, नहटौर और नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ता जनसंवाद एवं भाईचारा सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक गुलाम मोहम्मद तथा वरिष्ठ अतिथि रूहेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर चौधरी शामिल होंगे। चांदपुर विधानसभा का सम्मेलन सुबह 10 बजे आवागमन बैंक्वेट हॉल, नहटौर का दोपहर 1 बजे सी.आर. फार्म तथा नजीबाबाद विधानसभा का सम्मेलन अपराह्न 3:30 बजे रॉयल गार्डन, जलालाबाद में आयोजित होगा। जिला अध्यक्ष ओमपाल कश्यप ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने तथा व्यापक जनसंपर्क के माध्यम से लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# मालन के उफनते पानी में रविन्द्र ही नहीं, इंसानियत भी बह गई

## रावली के रपटे पर मौत से जूझता रहा रविन्द्र

### दर्जनों लोग बने तमाशबीन बचाने के बजाये बनाया वीडियो

**बिजनौर (चिंगारी)।** शुक्रवार को ग्राम रावली में मालन नदी के रपटे पर जो हुआ, वह केवल एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत की कहानी नहीं, बल्कि हमारी संवेदनाओं के डूब जाने का भी शर्मनाक दृश्य था। उफनती मालन अपने साथ रविन्द्र नाम के एक इंसान को तो बहा ले गई, लेकिन समाज के सामने ऐसा सवाल छोड़ गई, जिसका जवाब शायद किसी के पास नहीं।



हल्दौर क्षेत्र के ग्राम कुकड़ा बिलाई निवासी अधेड़ रविन्द्र अपनी ससुराल ग्राम शहजादपुर जाने के लिए घर से निकले थे। वहां जाने के लिए उन्हें रावली में मालन नदी का रपटा पार करना था। लगातार बारिश से नदी उफान पर थी। रपटे पर तेज़ बहाव के साथ पानी बह रहा था। रविन्द्र ने रपटा पार करने का प्रयास किया वे देखते ही देखते तेज़ धारा में समा गए। कुछ ही क्षणों में रविन्द्र आंखों से ओझल हो गए।

इस हादसे का सबसे पीड़ादायक पहलू यह है कि उस समय रपटे पर कई ग्रामीण मौजूद थे। लोग घटना का वीडियो बनाते रहे। बाद में यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ। वीडियो में सुनाई देने वाली कुछ टिप्पणियां समाज की संवेदनहीनता पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। जब एक इंसान मौत से जूझ रहा था, तब मदद के लिए बढ़ने वाले हाथ कम और मोबाइल कैमरे अधिक दिखाई दिए।

बताया जा रहा है कि रविन्द्र शराब के नशे में था। यह भी कहा जा रहा है कि कुछ लोगों ने उन्हें पानी में उतरने से मना किया, लेकिन उन्होंने बात नहीं मानी। यदि ऐसा था, तो क्या केवल समझा देना ही मानवीय जिम्मेदारी पूरी कर देता है? क्या नशे की हालत में अपनी समझ खो चुके व्यक्ति को हर संभव प्रयास करके रोकना समाज का नैतिक दायित्व नहीं था?



रविन्द्र स्थानीय निवासी नहीं थे। संभव है कि उन्हें इस बात का अंदाज़ा न रहा हो कि ऊपर से शांत दिखाई देने वाला पानी भीतर कितनी भयावह ताकत समेटे हुए है। स्थानीय लोग नदी के स्वभाव और तेज़ बहाव से परिचित थे। ऐसे में यह प्रश्न और भी गहरा हो जाता है कि क्या उन्हें किसी भी कीमत पर रविन्द्र को उस मौत भरे कदम से रोकने की कोशिश नहीं करनी चाहिए थी?

> मालन का पानी एक व्यक्ति को बहाकर ले गया, लेकिन यह हादसा हम सबके लिए आईना बन गया है। पूछा जा रहा है कि क्या आधुनिक समाज में इंसान की जान से ज्यादा अहमियत अब एक वायरल वीडियो की रह गई है? क्या हमारी संवेदनाएं इतनी कमजोर पड़ चुकी हैं कि किसी की आखिरी जद्दोजहद भी हमें केवल देखने और रिकॉर्ड करने का दृश्य भर लगने लगी है?

### इंसानियत की भी तलाश

रविन्द्र की तलाश जारी है, लेकिन इस घटना ने एक और तलाश शुरू कर दी है,उस इंसानियत की, जो कभी हमारे समाज की सबसे बड़ी पहचान हुआ करती थी। आज मालन के किनारे खड़ा हर व्यक्ति शायद यही सोच रहा है कि उस दिन अगर एक हाथ भी समय पर बढ़ गया होता, तो शायद एक घर उजड़ने से बच जाता और समाज के माथे पर यह कलंक भी न लगता।

## बंगाली समाज के बीच पहुंचा रालोद, संगठन विस्तार और बूथ मजबूती पर दिया जोर



**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय लोकदल के संगठन को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने और बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को बिजनौर विधानसभा अध्यक्ष मास्टर इंद्रमणी चंदपुरा बंगाली कॉलोनी पहुंचे। इस दौरान आयोजित चौपाल में उन्होंने बंगाली समाज के लोगों से राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों से जुड़ने और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। चौपाल को संबोधित करते हुए पूनम चौधरी ने कहा कि बिजनौर के लोकप्रिय सांसद चंदन चौहान बंगाली समाज के हितैषी हैं और उन्होंने हमेशा समाज के लोगों के सुख-दुख में साथ निभाया है। वहीं पुनीत विश्वास ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल की विचारधारा और नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ काम करेंगे। इस अवसर पर अभिषेक बख्शी, विशाल, सुजॉय राय, विश्वजीत सरकार, सुदीप मांझी, प्रवीण सरकार, देवराय, कमलजीत, प्रीत मलिक, जयदीप, जीतन राय, अंशु बैरागी, प्रजीत सरकार, यश, अंकुश, अक्षित, राम, महेन और बिट्टू सहित अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## आकाशवाणी नजीबाबाद में एफएम ट्रांसमीटर लगाने की मांग ने जोर पकड़ा

### सूचना व प्रसारण मंत्री के नाम व्यापारी नेता को सौंपा ज्ञापन

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** आकाशवाणी नजीबाबाद में एफएम ट्रांसमीटर स्थापित किए जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। इसी क्रम में आकाशवाणी नजीबाबाद से जुड़े साहित्यकारों व कलाकारों ने जिला व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ के निवास पर पहुंचकर भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि आकाशवाणी नजीबाबाद लंबे समय से क्षेत्र के श्रोताओं, साहित्यकारों व कलाकारों की सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण माध्यम रही है। वर्तमान समय में बेहतर प्रसारण व्यवस्था व अधिक से अधिक श्रोताओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए यहां एफएम ट्रांसमीटर स्थापित किया जाना जनहित में आवश्यक है। जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने प्रतिनिधिमंडल को उनकी मांग को भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में आलोक त्यागी, नेहा शर्मा, कुमुद सिंघल, लोकेंद्र विश्वकर्मा, रेनू कोटिनाल, राजवीर सिंह, प्रमोद कुमार, रूपल वर्मा आदि साहित्यकार व कलाकार मौजूद रहे।

# 90 प्लस



राशिद मलिक की ख़ास पेशकश

# पगड़ी सदा ऊंची, हौसला सदा जवान






**बढ़ापुर (चिंगारी)।** नगर से सटा एक छोटा सा गांव है बासोवाला। 6 दशक से यह गांव बाजवा परिवार निवास स्थान है। वैसे तो बाजवा परिवार किसी परिचय का मोहताज नहीं है। परन्तु सांध्य दैनिक चिंगारी के कॉलम '90 +' में आज पाठकों का परिचय परिवार के मुखिया सरदार सुरजीत सिंह बाजवा करते हैं, जो 90 वर्ष की आयु में भी स्वस्थ, सक्रिय हैं और सकारात्मक सोच रखते हैं। सरदार सुरजीत सिंह बाजवा का जन्म 1936 में गांव चंदोवाल कला, जनपद सियालकोट, पाकिस्तान में हुआ था। कक्षा 5 तक की पढ़ाई पाकिस्तान स्थित जनपद मुल्तान के प्राथमिक विद्यालय में हुई थी। विभाजन के समय भारत में आ बसे थे। साल 1954 में जनपद सहारनपुर के इस्लामिया इंटर कॉलेज से हाईस्कूल की परीक्षा पास की थी।

90 वर्ष से अधिक की उम्र में भी वह प्रतिदिन 2 किलोमीटर पैदल चलते हैं। बिना चश्मे के अख़बार पढ़ते हैं। इसके अलावा न ब्लडप्रेशर, न शुगर, न जोड़ों का दर्द की समस्या। साथ ही बिना आईना के भी 5 मीटर की पगड़ी स्वयं बांधते हैं।

## जीवन के नौ दशक की झलकियां

**1947 का बंटवारा सिर्फ देखा नहीं, बल्कि 11 वर्ष की आयु में परिवार के साथ रात-दिन खेतों में छिपते-छुपाते जान बचाकर पाकिस्तान से भागकर भारत आने के दर्द की पीड़ा आज भी याद है। इसके बाद पाकिस्तान के साथ 4 और चीन के साथ 1 जंग देखी।**

## बाजवा जी की पहचान

सेवा, शिक्षा संस्कार और पर्यावरण प्रेमी। बढ़ापुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं था, क्षेत्र के लोगों की स्वास्थ्य समस्या को दूर करने के लिए साल 2000 में अपनी बेशकीमती 5 पांच बीघा भूमि स्वास्थ्य विभाग को दान दी थी। क्षेत्र में सीबीएसई का भी कोई स्कूल नहीं था। छात्र-छात्राओं के जीवन में ज्ञान का प्रकाश भरने के लिए 2009 में इंग्लिश मीडियम स्कूल एसएस बाजवा मॉडर्न एकेडमी की स्थापना की थी। एक खूबसूरत बाजवा फॉर्म के साथ ही सैकड़ों की संख्या में लगे विभिन्न प्रजाति के पेड़-पौधों से आवास भी किसी गार्डन जैसा।

## 90 साल में स्वस्थ शरीर का राज

चिंगारी संवाददाता का सरदारजी से सवाल, आप 90 के हो गए। आज के युवा तो 30 साल में ही घुटने पकड़ लेते हैं। आपकी सेहत का राज क्या है? सरदार सुरजीत सिंह बाजवा मुस्कुराते हुए जवाब देते हैं पुत्तर, राज के साथ रब दा शुक्र है। रात को जल्दी सोना, सुबह सवेरे उठना, प्रतिदिन योगा करना। ठंडे पानी नाल नहाओ शरीर नू आलसी न करो। नुकसान हो जावे तो ज्यादा मलाल न करो। उनका स्वस्थ और सुखी रहने का सिंपल सा फार्मूला है सेवा, सिमरन, शाकाहार और नशे से दूरी।

## सरदार जी के 'सेहत के 3 मंत्र'

**1. खाने का मंत्र :** सुबह सादी रोटी, साग, सफेद मक्खन, अलसी के लड्डू। दोपहर दाल-चावल, छाछ। रात को दूध-बादाम। बाजार का तला-भुना कभी नहीं और अन्न की बेअदबी भी कभी नहीं। आज के युवाओं की पसन्द तो फास्ट फूड और नकली जूस बने हुए हैं।

**2. चलने का मंत्र :** प्रतिदिन 2 किलोमीटर चलने के लिए खेत पर पैदल चलता हूं। कुर्सी-सोफा को जवानी का दुश्मन बताते हुए कहते हैं आज का युवा तो 100 मीटर की दूरी भी पैदल की जगह बाइक से ही तय करता है। घुटने चलाओ, घुटने मोड़ो, 30 की उम्र में घुटने नहीं पकड़ोगे।

**3. सोच का मंत्र :** गुस्सा से शुगर और नफ़रत से ब्लडप्रेशर बढ़ता है। इन दोनों से दूरी बनाकर रखो, शरीर स्वस्थ रहेगा। 'सरबत दा भला' मांगो। किसी से बैर नहीं। 1947 में सब कुछ लुटा, पर अपना दिल नहीं लुटाया। माफ कर दो, माफी मांग लो, जीवन तनाव मुक्त रहेगा, दवाई की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

## युवाओं के लिए संदेश

इस दौर में छोटे बच्चों से लेकर युवा वर्ग का सबसे बड़ा दुश्मन उसकी मुट्ठी में कैद मोबाइल फोन है, जो युवाओं को सुसाइड करने के नये-नये तरीके बता रहा है। मोबाइल फोन के बहुत अधिक इस्तेमाल से युवाओं का सोने, उठने, खाने व पढ़ने का सारा सिस्टम ही बिगड़ कर रख दिया है।

## वर्तमान में किस क्षेत्र में रुचि है

प्रिंट मीडिया में प्रतिदिन बिजनौर टाइम्स ग्रुप के समाचार-पत्रों का संपादकीय पढ़ना तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में न्यूज़ 24 पर 'माहौल क्या है' व 'सबसे बड़ा सवाल' कार्यक्रम को जरूर देखना रुचि में शामिल है।

**चिंगारी का पाठकों से सवाल**
100 साल जीने के लिए क्या जरूरी है? अपनी राय भेजो व्हाट्सएप नंबर 9719540585 पर।

---

अपने शहर में..

# बढ़ापुर में रामपाल की किराना दुकान बनी हिंदू-मुस्लिम एकता की पहचान

**बढ़ापुर (चिंगारी)।** नगर के मुहल्ला बाजार में रामपाल किराना स्टोर पर बीते 20 साल से गद्दी वही है, बैठने वाला दोस्त वही है। रामपाल प्रजापति दुकान के मालिक हैं, पर गद्दी संभालते हैं उनके मुस्लिम दोस्त अ. वाहिद। रामपाल प्रजापति 55 वर्ष तो अब्दुल वाहिद 58 वर्ष के हैं। दोनों के बीच 45 वर्षों से दोस्ती बनी हुई है। सुबह 7 से रात 8 बजे तक नमक से लेकर साबुन, दाल, मसाले सब यहीं मिलते हैं। सुबह दुकान खुलते ही अब्दुल वाहिद दोस्त रामपाल प्रजापति की दुकान पर पहुंच जाते हैं। रामपाल प्रजापति का एक बेटा पुलिस में सिपाही तो दूसरा पिता के साथ व्यापार में सहयोग करता है। अ. वाहिद का दूध का काम है जो उनका बेटा संभालता है। रामपाल प्रजापति जब दुकान पर नहीं होते तो उनके गल्ला (कैश बॉक्स) की चाबी मुस्लिम दोस्त अब्दुल वाहिद के पास होती है, जो दुकान की गद्दी पर बैठकर मालिक की हैसियत से बिक्री करते हैं। रामपाल प्रजापति और अ. वाहिद बताते हैं कि उन्होंने 10 साल तक पार्टनरशिप में खच्चर चलाएं हैं, बाद में कई साल तक मावा भट्टी भी साझे में चलाई है। मगर कभी भी एक फूटी कौड़ी इधर से उधर नहीं हुई है।

> 'मित्रता व भरोसे की दुकान' मालिक रामपाल प्रजापति, गद्दी पर अब्दुल वाहिद



## सलामत रहे दोस्ताना हमारा

रामपाल प्रजापति, सामान तौलते हुए बताते हैं वाहिद उसका दोस्त नहीं, भाई है। 1980 में उनकी दोस्ती हुई थी। 20 साल पहले दुकान खोली थी, तब से वह कहीं जाते हैं तो दुकान की गद्दी पर उनका दोस्त अब्दुल वाहिद होता है। अ. वाहिद बताते हैं 45 साल पहले उन्हें दोस्त के रूप में रामपाल भाई मिला था। बीस साल से दुकान रामपाल भाई की, दुकान की गद्दी मेरी। ग्राहक पूछते हैं 'मुसलमान कैसे बैठा है?' मैं कहता हूं - 'भाई, यहां हिंदू-मुसलमान नहीं, दोस्ती और भाई का रिश्ता है'।

## दुकान की पहचान

हिंदू-मुस्लिम की दीवार नहीं, एकता, भाईचारा, भरोसा व सच्ची मित्रता, यही रामपाल प्रजापति की दुकान की पहचान बन गई है। ग्राहकों को यह पता ही नहीं कि दुकान हिंदू की या मुसलमान की।

**पाठकों से सवाल**
आज के इस दौर में रामपाल प्रजापति और अ. वाहिद की दोस्ती की मिसाल पर आप क्या कहेंगे? अपनी राय भेजो 9719540585 व्हाट्सएप नंबर पर।
3 लोगों की राय प्रकाशित की जाएगी

# उत्तराखंड की विकास यात्रा में सहयोग दें उद्योग समूहः पुष्कर सिंह धामी

**देहरादून ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने 'उत्तराखंड सीएसआर डायलॉग' कार्यक्रम में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से प्रदेश की विकास यात्रा में सहयोग करने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कॉर्पोरेट जगत के प्रतिनिधियों, विभिन्न केंद्रीय उपक्रमों के अधिकारियों, सीएसआर पार्टनर्स, उद्योग एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे धर्म ग्रंथों में भी लिखा गया है कि तीर्थ स्थलों पर किए गए दान पुण्य का विशेष महत्व है। इसलिए कॉरपोरेट समूहों ने देवभूमि उत्तराखंड में, सीएसआर के तौर पर दिए गए योगदान का महत्व भी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि देवभूमि में जन्म लेना का अवसर तो ईश्वर देता है, लेकिन हर कोई देवभूमि में कर्म कर अपना योगदान दे सकता है। इसलिए सभी लोगों को इसका लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बहुत से समूह सीएसआर के तहत शानदार काम कर रहे हैं। उन्होंने उत्तराखंड में स्थापित अन्य समूहों से भी अपना सीएसआर उत्तराखंड में ही खर्च करने की अपील की। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि ये कार्यक्रम कोई औपचारिक बैठक नहीं बल्कि देवभूमि उत्तराखंड के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का एक साझा संकल्प है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में कौशल विकास, सड़क सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, ग्राम विकास तथा शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए किए गए हैं। साथ ही देश के प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट समूहों ने उत्तराखंड के लिए कई नए प्रोजेक्ट्स की घोषणा भी की है। इस मौके मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने



कहा कि उत्तराखंड की अपनी विशिष्ट परिस्थितियां हैं, उत्तराखंड एक पर्वतीय और सीमांत प्रदेश है। यहां की पारिस्थितिकी अत्यंत संवेदनशील है, इसलिए इस राज्य की विकास संबंधी चुनौतियां भी अन्य राज्यों से भिन्न हैं। यहां ज्यादा संसाधन और मेहनत खर्च करनी पड़ती है। इसलिए हमारे लिए समग्र विकास का अर्थ केवल सड़कें, भवन और आधारभूत संरचनाएं खड़ी करना ही नहीं है बल्कि रोजगार सृजन, सामाजिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच समन्वय स्थापित करना है।

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ–पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना


डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़–फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार–बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans


सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



चिंगारी
पेश हैं
नये शाहकार
चार नये कॉलम यानी चार धड़कन

मेरा नाम करेगा रोशन...
(इस कॉलम में दीदार होगा जुगनुओं का)

90 +

(इस कॉलम में आप पढ़ेंगे : चलता-फिरता इतिहास और सिलेब्स ज़िंदगी का)

हमारी गली में..
(इस कॉलम में आप पढ़ेंगे : दास्ता फरिश्तों की)
अपने शहर में..

(इस कॉलम में आप पढ़ेंगे : अपने शहर की ईसीजी रिपोर्ट / चिंगारी के पन्नों पर)

# डीएम ने शहर के जलभराव वाले क्षेत्रों का किया निरीक्षण



**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शुक्रवार को नगर पालिका परिषद बिजनौर क्षेत्र के आवास विकास, बुखारा कॉलोनी और वार्ड संख्या-12 शिवाजी नगर का स्थलीय निरीक्षण कर वर्षा ऋतु में संभावित जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित, नगर पालिका परिषद के अवर अभियंता (सिविल) यशवंत कुमार, अवर अभियंता (जल) गौरव शर्मा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक गोविन्द चौधरी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्षा ऋतु में नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जल निकासी व्यवस्था और साफ-सफाई की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। शिवाजीनगर वार्ड संख्या-12 में निरीक्षण के दौरान डीएम ने मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत प्रस्तावित सड़कों का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही संचारी रोगों की रोकथाम और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा को देखते हुए नियमित साफ-सफाई, जलभराव की रोकथाम तथा स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

## ट्रांसफार्मर के चारों ओर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें

**जिलाधिकारी ने बुखारा स्थित सरकारी कॉलोनी में सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर के चारों ओर वर्षा ऋतु में संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर क्षेत्र में जल निकासी, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।**

# बड़ों का सम्मान व अच्छे संस्कार जरूरी-योगेन्द्र महाराज

## राम-सीता विवाह की कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु





**बिजनौर (चिंगारी)।** काकरान वाटिका में चल रही श्री रामकथा में योगेंद्र महाराज ने राम-सीता विवाह का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने बताया भूमि कि विश्वामित्र यज्ञ रक्षा हेतु राजा दशरथ के पास गए और श्री राम-लक्ष्मण को अपने साथ ले गए। राम-लक्ष्मण ने राक्षसों का वध किया और यज्ञ सम्पन्न कराया। श्री महाराज ने राम व सीता के विवाह का भी सुंदर वर्णन किया। महाराज जी ने जीवन में बड़ों के सम्मान और संस्कारों को अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में विजय गोयल प्रांत संपर्क प्रमुख, वेदपाल प्रांत सह संपर्क प्रमुख, मनुदेव जिला प्रचारक धामपुर, हेमेंद्र जिला प्रचार प्रमुख, मुकेश विभाग कार्यवाह, संजय वर्मा विभाग बौद्धिक प्रमुख, हिमांशु, बाबूराम तोमर, अरुण झिंघाला, भवि शर्मा, वंदना चौहान, मेघा गर्ग, नेहा अरोड़ा, शुभम गौड़, गौरव यादव, बृजनंदन चौहान, सात्विक भटनागर, संजीव शर्मा, आदर्श गुप्ता, तरुण गुप्ता उपस्थित रहे। दीपक राजपूत, सुखवीर सिंह और दुष्यंत कुमार ने प्रसाद वितरण और श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की। भजन-कीर्तन से माहौल भक्तिमय हो गया।

# नवोदय विद्यालय में कक्षा-6 प्रवेश के लिए आवेदन शुरू, 31 जुलाई अंतिम तिथि

**बिजनौर (चिंगारी)।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, सैंदवार में शैक्षिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा-6 प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2026 निर्धारित की गई है। विद्यालय के प्राचार्य ने जनपद के कक्षा-5 के पात्र विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से समय रहते आवेदन करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि आवेदन एवं परीक्षा संबंधी विस्तृत जानकारी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट www.navodaya.gov.in पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी की जन्मतिथि 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के बीच होनी चाहिए। अधिक जानकारी के लिए 9412957628, 9758865451 एवं 9452243717 पर संपर्क किया जा सकता है।

# बिजली के बिल ने दिया ऐसा झटका...

**धामपुर (चिंगारी)।** घर में सोलर पैनल लगा होने के बावजूद एक बिजली उपभोक्ता का 3 माह का बिजली का बिल लगभग 2 लाख रुपए का आने पर उसके पैरों तले की जमीन खिसक गई। उपभोक्ता ने 1912 पर शिकायत कर जांच किये जाने की मांग की है। नगर की टीचर्स कॉलोनी निवासी मास्टर नरेंद्र सिंह का बिजली का बिल 2 लाख 6 हजार 728 रुपए का आया है। इतना महंगा बिल देखकर नरेंद्र सिंह के होश उड़ गये। उन्होंने बताया कि घर पर सोलर पैनल लगा रखा है, इसके बावजूद भी बिजली विभाग ने इतना लंबा-चौड़ा बिल भेज दिया।

# संबंध बनाकर भाग गया कोतवाली देहात से, मुकर गया शादी की बात से

## कोतवाली देहात पुलिस ने किया गिरफ्तार




**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देने व युवती से शारीरिक संबंध बनाने व जान से मारने से की धमकी देने के संबंध में 20 दिन पूर्व लिखवाए गये मुकदमे में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने 20 जून को स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि जनपद मुजफ्फरनगर के थाना ककरोली के गांव जटवाड़ा निवासी सैफ अली कोतवाली देहात में निर्माणाधीन पुल पर मजदूरी करता था तथा बिजनौर रोड पर किराये पर रहता था। फोन पर युवती की पहचान सैफ अली से हो गई। सैफ अली ने बहला-फुसलाकर तथा शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक सबंध बनाये। जब युवती ने शादी की बात कही तो युवक बिना बताए फरार हो गया। युवती का यह भी आरोप है कि उसके दोस्त कोतवाली देहात निवासी अबरार अंसारी ने भी उससे अश्लील हरकत की थी। पुलिस ने युवती की तहरीर पर संबंधित धाराओं में दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने मुख्य आरोपी सैफ अली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# घर में घुसकर नाबालिग से की छेड़छाड़, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** एक व्यक्ति ने हीमपुर दीपा थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया है कि शीतल जो कथित रूप से पशु डॉक्टर है, जिसका उनके गांव में आना जाना था तथा काफी समय से उनकी पुत्री पर गलत नजर रखता था तथा अशोभनीय इशारे करता और कई बार उसकी पुत्री को मोबाइल नंबर देने की कोशिश भी कर चुका था। परिवार के अनुसार लोक-लाज और भय के कारण पीड़िता ने पहले इन घटनाओं की जानकारी किसी को नहीं दी। दो दिन पूर्व रात्रि में घर में घुसकर शीतल व उसके अन्य दो साथियों ने छेड़छाड़ की। घटना के बाद उसने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गिरफ्तार आरोपी से घटना में संलिप्त उसके अन्य दो साथियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## सांसद के हस्तक्षेप के बाद दर्ज हुआ मामला

**वहीं घटना को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि सूचना देने के बाद भी पुलिस मामले को 2 दिन तक दबाये रही, पुलिस द्वारा कार्यवाही न होने पर सांसद चंदन चौहान को ग्रामीणों द्वारा घटनाक्रम से अवगत कराया गया। सांसद के हस्तक्षेप के बाद मामला दर्ज किया गया है। वहीं घटना के संबंध में क्षेत्राधिकारी चांदपुर देशदीपक का कहना है कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। घटना के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर सीसीटीवी फुटेज लिए जा रहे हैं।**

# नाबालिग को भगा ले जाने वाला जेल गया



**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी को रेहड़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। क्षेत्र के ग्राम रायपुरी निवासी एक व्यक्ति ने थानाध्यक्ष रेहड़ को दिए प्रार्थना-पत्र में बताया था कि गत 5 जुलाई की दोपहर कैफ पुत्र अली हसन निवासी रेहड़ उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है और उसके चाचा नौशाद पर भी इस साजिश में शामिल होने का शक है, क्योंकि नौशाद कुछ दिन पूर्व अपने इसी भतीजे मौ. कैफ का इसी लड़की से शादी हेतु रिश्ता लेकर आया था जिसे मना कर दिया गया था। रेहड़ पुलिस ने आरोपी चाचा-भतीजे के विरुद्ध बीएनएस की धारा 87 के तहत मुकदमा दर्ज कर लापता लड़की को सकुशल बरामद कर लिया था और उसके बयानों आदि के आधार पर मुकदमे में बीएनएस की धारा 74, 137(2) व पोक्सो एक्ट की धारा 7 व 8 की वृद्धि करते हुए आरोपी कैफ को गिरफ्तार कर शुक्रवार को उसका चालान कर दिया है। थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा का कहना है कि आरोपी कैफ को कोर्ट द्वारा आरोपी कैफ को फिलहाल जेल भेज दिया गया है।

# वन तस्करों का दुस्साहस, किया वन रक्षकों से राइफल छीनने का प्रयास

**बढ़ापुर ( चिंगारी )। नजीबाबाद डिवीजन की साहूवाला रेंज में अवैध कटान कर रहे कथित वन तस्करों ने गश्त कर रहे वन रक्षकों के साथ मारपीट व गाली-गलौज करने के अलावा राइफल छीनने का भी प्रयास किया और कटान में शामिल दो मोटरसाइकिलों को छीनकर फरार हो गए। घटना की तहरीर थाना बढ़ापुर पुलिस को दे दी गई थी, किंतु अभी तस्करों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है।**

बताया जाता है कि 5 दिन पूर्व साहूवाला रेंज के वन रक्षक नितिन कुमार, विक्रांत कुमार, मो. जुबेर तथा न्यूनतम वेतन कर्मी गुरदेव सिंह व सोरन सिंह रेंज की कक्ष संख्या एक सोना नदी रेंज में पैदल गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान वन कर्मचारियों को झाड़ियों में छिपी दो मोटरसाइकिलें दिखाई दीं, जिन्हें वन कर्मचारियों ने अपने कब्जे में लेकर खोजबीन की तो कुछ तस्कर पेड़ काटते हुए दिखाई दिए। गश्त पर मौजूद वन रक्षकों ने जब तस्करों को पेड़ काटने से रोका और उनकी मोटरसाइकिलों को साहूवाला चौकी पर ले जाने लगे, तब पेड़ काट रहे कथित वन तस्करों ने वन रक्षकों के साथ गाली-गलौज करते हुए हाथापाई शुरू कर राइफल छीनने का प्रयास किया और जबरन अपनी मोटरसाइकिलें छीनकर फरार हो गये। इस घटना के बाद वन कर्मचारियों द्वारा मामले की जानकारी अपने उच्च अधिकारियों को दी गई तथा घटना की नामजद तहरीर थाना बढ़ापुर पुलिस को दे दी गई थी। जिसकी अभी जांच चल रही है। घटना के संबंध में साहूवाला रेंज के रेंजर रामवृक्ष यादव ने बताया कि रेंज में गश्त कर रहे वन रक्षकों के साथ अवैध कटान कर रहे तस्करों ने हाथापाई कर राइफल छीनने का प्रयास किया था और अवैध कटान में शामिल मोटरसाइकिलों को भी तस्कर जबरन छीनकर ले गए हैं। घटना की तहरीर थाना बढ़ापुर पुलिस को दे दी गई थी, अभी तस्करों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है।


वन रक्षकों से भिड़ते तस्कर और मोटरसाइकिलें छीनकर ले जाते हुए।

### ऐसे तो साहूवाला रेंज में पेड़ नहीं बचेंगे

**साहूवाला रेंज में तैनात वन अधिकारी और कर्मचारी अगर वन तस्करों के हाथों यूं ही पीटते-छितते रहेंगे तथा तस्करों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं हो पाएगी, तब साहूवाला रेंज को बचा पाना शायद मुश्किल हो जाएगा। इस घटना से पूर्व भी वन तस्कर कई बार वन अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मारपीट कर चुके हैं। 3 वर्ष पूर्व भी वन तस्करों ने साहूवाला रेंज के तत्तकालीन रेंजर, एक दरोगा व दो वन रक्षकों को पूरी रात बंधक बनाकर उनके साथ जमकर मारपीट की थी, परंतु इस घटना का बाद में थाना बढ़ापुर में समझौता हो गया था। तब से रेंज में वन तस्करों के हौसले बुलंद हैं और रेंज से पेड़ों का सफाया लगातार जारी है।**

## डा. वीरेन्द्र ने भी नूरपुर से ताल ठोंकी

### रोगियों को देंगे निःशुल्क परामर्श

**नूरपुर ( चिंगारी )।** जनपद के वरिष्ठ सर्जन डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने नूरपुर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में दावेदारी पेश की। गत 38 वर्षों से चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखने वाले सर्जन गत दो विधानसभा चुनावों से भाजपा में टिकट की लाइन में लगे हैं। इस बार भी आगामी विधानसभा चुनाव के लिये ताल ठोंक दी है। डॉ. वीरेन्द्र सिंह नूरपुर में रविवार की सुबह दस बजे चांदपुर रोड स्थित एक बिल्डिंग में अपने कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यालय में क्षेत्र के रोगियों के लिए रविवार को 8 बजे से 11 बजे तक तथा बुधवार को 3 से 6 बजे तक स्वयं उपस्थित रहकर निःशुल्क चिकित्सा परामर्श देंगे तथा शनिवार को 10 बजे से 11 बजे तक स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. मीनाक्षी भानू व रविवार को 10 बजे से 1 बजे तक हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव सिंह निःशुल्क चिकित्सा सेवा का कार्य करेंगे।



## नालियों की नहीं हो रही सफाई बीमारी फैलने की नौबत आई

**खासपुरा ( चिंगारी )।** सरकार स्वच्छता अभियान को लेकर कई तरह के जागरूकता कार्यक्रम चलाती है। बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन अगर इसकी जमीनी हकीकत देखी जाए तो वह कुछ और ही बयां कर रही है। गांव खासपुरा के एक मोहल्ले में नालियों की सफाई न होने से बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। गांवों को साफ स्वच्छ बनाने के लिए भले ही लाखों रुपये खर्च किए गए हों, लेकिन अभी भी खासपुरा ग्राम पंचायत में नालियों की सफाई नहीं हो पा रही है। स्थानीय निवासी अरुण सैनी का कहना है कि सफाई न होने के कारण रास्ते में चलना भी दूभर है। बदबू के कारण गांव में गंदगी पसरी होने के कारण मच्छर पनप रहे हैं और संक्रमित बीमारियां फैलने का डर है। गांव में सफाईकर्मी तैनात हैं, मगर वह सफाई पर ध्यान नहीं देते हैं। उधर, सफाई कर्मचारी मानसिंह, सुरेश का कहना है कि गांव बड़ा है, नालियों की सफाई करके पूरा कचरा गांव से एक किलोमीटर दूर डाला जाता है और जिस मोहल्ले के निवासी काम न करने का आरोप लगा रहे हैं, वह गलत है, वहां हर 15 दिन में सफाई की जाती है।



### इनका कहना है...

**गांव बड़ा है सफाईकर्मी दो हैं, जल्द ही इस मोहल्ले की सफाईकर्मियों को भेजकर सफाई कार्य कराया जाएगा।**
**- सचिव संजीव कुमार ( खासपुरा )**

**इस रोड की जानकारी मेरे संज्ञान में है, और जल्द ही बरसात रुकने के बाद इस रोड का निर्माण कराया जाएगा।**
**- क्षेत्रीय विधायक रामअवतार सैनी**

## विकास शर्मा बने प.उ.प्र. अध्यक्ष

**चांदपुर ( चिंगारी )। पत्रकार प्रेस महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी जयंत दत्त ने क्षेत्र के ग्राम रौनिया निवासी वरिष्ठ पत्रकार विकास शर्मा को उत्तर प्रदेश का पश्चिमी अध्यक्ष मनोनीत करते हुए उनसे संगठन को गतिशील बनाते हुए पत्रकारिता जगत,लेखन एवं समाज की भलाई के लिए कार्य करने तथा संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया।**




## वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया

**चांदपुर ( चिंगारी )। एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण महायज्ञ अभियान का शुभारंभ वृक्षारोपण कर किया गया। नगर में इंजीनियरिंग कॉलेज के पास स्थित गौशाला में उपजिलाधिकारी चांदपुर नितिन तेवतिया व नगरपालिका परिषद चांदपुर के अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भड़ाना ने वृक्षारोपण कर वृक्षारोपण महायज्ञ का शुभारंभ कर धरती को हरा-भरा रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा उनकी देखभाल अपने परिवार की भांति किये जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक विकास कुमार,आरआई श्याम सुंदर दास, लिपिक फैसल हुसैन, सलीमुद्दीन सहित बड़ी संख्या में पालिका कर्मी मौजूद रहे।**




## बस्ती के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार, दुर्घटना के प्रबल आसार

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम रतनपुर खुर्द में दलित बस्ती के ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज विद्युत लाइन काफी पुरानी और जर्जर हो चुकी है, जो कभी भी दुर्घटना का सबक बन सकती है। इसी कारण लोग हर समय खतरे के साये में जीवन यापन करने को विवश हैं। उनमें भारी निराशा है। सुरेंद्र शर्मा, राजकुमार वाल्मीकि, हरपाल सिंह, उमेश सिंह, रिशाल सिंह, अनिल, रक्षपाल, घसीटा आदि ने बताया कि बस्ती के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन काफी पुरानी और जर्जर हो चुकी है। उनमें हाई वोल्टेज करंट प्रभावित होते ही तार झूला झूलने लगते हैं। तारों से हर समय तेज आवाज निकलती है। अगर जरा सी हवा चल जाए, तो तारों में फुलझड़ी छूटने लगती है। इसी कारण यहां हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। आरोप है कि विद्युत विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया, फिर भी न तो विद्युत लाइन हटी और न ही लाइन की गार्डिंग कराकर सुरक्षा की कोई व्यवस्था की गई। रोज-रोज डर के साए में जी रहे बस्ती के लोगों ने विद्युत लाइन को बस्ती के बाहरी छोर पर स्थापित कराए जाने की मांग की है। बताते हैं कि बीते वर्षों में बस्ती में कई दुर्घटनाएं प्रकाश में आ चुकी हैं, गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई है।



# पुलिस ने साइबर ठगी के बड़े गिरोह का किया भंडाफोड़, 11 आरोपी गिरफ्तार

## फर्जी वेबसाइट, निवेश के नाम पर ठगी और फर्जी बैंक खातों से करते थे साइबर अपराध



**स्योहारा ( चिंगारी )। ऑपरेशन साइ-वज्र के तहत स्योहारा पुलिस ने साइबर ठगी के एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चार लैपटॉप, 15 स्मार्टफोन, 61 आधार कार्ड, 42 बैंक पासबुक, 33 डेबिट-क्रेडिट कार्ड, फिंगरप्रिंट मशीन, प्रिंटर सहित बड़ी मात्रा में साइबर अपराध में प्रयुक्त उपकरण, दस्तावेज और 2.08 लाख ( 1.20 लाख नकद व 88 हजार बैंक खातों में फ्रीज ) बरामद किए गए हैं।**

पुलिस के अनुसार, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के विश्लेषण में सामने आया कि गिरोह परिवहन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट की तर्ज पर bookkhsrplate.com और bookmyhsrp.com जैसी फर्जी वेबसाइट बनाकर लोगों से ऑनलाइन भुगतान कर ठगी करता था। इसके अलावा सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर निवेश के नाम पर भी लोगों को ठगा जाता था। पूछताछ में पता चला कि बिलाल और अमजद अली फर्जी जनसेवा केंद्र संचालित कर आधार कार्ड का दुरुपयोग करते हुए विभिन्न लोगों के नाम पर बैंक खाते खुलवाते थे। इन खातों का उपयोग साइबर ठगी की रकम प्राप्त करने और उसे गिरोह के अन्य सदस्यों तक पहुंचाने में किया जाता था। पुलिस के अनुसार, वेबसाइट तैयार करने में चैट जीपीटी सहित अन्य ए आई टूल्स का भी उपयोग किया गया ताकि वेबसाइट सरकारी पोर्टल जैसी दिखाई दे। पुलिस नें मिराजुद्दीन, मोहम्मद शाकिब, नईम अहमद, असद मोहम्मद, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद समद, परवेज, बिलाल, मोहम्मद इरफान, अमजद अली और इलमा चौधरी को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस का कहना है कि गिरोह से जुड़े अन्य बैंक खातों और फरार सदस्यों की तलाश जारी है तथा मामले में विस्तृत जांच की जा रही है।

# कश्मीरी से कलाली तक सड़क क्षतिग्रस्त, क्षेत्रवासी त्रस्त



नहटौर के कश्मीरी चौराहे से लेकर कलाली तक टूटा संपर्क मार्ग।

**नहटौर ( चिंगारी )।** कश्मीरी से लेकर कलाली तक बुरी तरह क्षतिग्रस्त सड़क को सही करने की भारतीय किसान यूनियन ने मांग की है। जिला प्रवक्ता राजेन्द्र सिंह (मटौरामान) ने बताया कि सड़क खराब होने से आधा दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गड्ढों में राहगीर गिरकर घायल हो रहे है। उन्होंने मामले से उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराते हुए तत्काल समस्या के समाधान की मांग की। राजेंद्र सिंह ने बताया कि यदि समस्या का समाधान नहीं होता है तो आंदोलन किया जाएगा। अवर अभियंता जितेंद्र कुमार ने बताया कि बारिश रुकने पर गड्ढे भरने का काम किया जायेगा।

# कल क्षेत्र में हर बूथ पर होगा पौधारोपण - ओम कुमार



**नहटौर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक आयोजित हुई, जिसमें एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए प्रेरित किया गया। डिजिटल लर्निंग एप के माध्यम से पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों का भी ऑनलाइन प्रशिक्षण लेने का आह्वान किया। शुक्रवार को ओम सेवा सदन पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ओम कुमार ने कहा कि भाजपा जनहित और राष्ट्रहित के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि वृहद वृक्षारोपण के अंतर्गत 12 जुलाई को प्रत्येक बूथ पर कम से कम 10 पेड़ लगाया जाए। उन्होंने कहा कि केवल पेड़ लगाने मात्र से जिम्मेदारी पूरी नहीं होती, उन सभी पेड़ों का रक्षा और सुरक्षा भी जरूरी है। इसके अलावा सरल अप के जरिए डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री तिलक राज सैनी, कुणाल सिंह, प्रमुख राकेश चौधरी, सिद्धांत जैन, अतुल मारवाड़ी, अंकज आशियान, चमन दहिया, बलबंत सिंह, कपिल प्रधान, हिमांशु चांग, नरेश प्रधान, प्रशांत वर्मा, राहुल चौधरी, राजकुमार प्रजापति आदि उपस्थित रहें।

# युवती को बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म, हाथ-पैर बांधकर कुएं में फेंका

**सुलानपुर ( एजेंसी/चिंगारी )।** शौच के लिये घर से निकली युवती को तीन लोगों ने बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद हाथ-पैर बांधकर कुएं में फेंक दिया। सुबह खेत की ओर नकले ग्रामीणों ने युवती के रोने-चिल्लाने की आवाज सुनकर पुलिस व परिवारजनों को सूचना दी। इसके बाद उसे कुएं से निकाला गया। तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस विवेचना कर रही है। मामला शिवगढ़ के एक गांव का है। पीड़िता के अनुसार वह बुधवार को घर के एक कमरे में सो रही थी। देर रात वह जैसे ही घर के बाहर बने शौचालय पर पहुंची, तभी पड़ोस के किशोर व उसके दो अज्ञात साथी उसका मुंह दबाकर बगल के जंगल में उठाकर ले गए। वहां उसके साथ तीनों ने दुष्कर्म किया। इसके बाद हाथ-पैर बांधकर कुएं में फेंक दिया।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# धामपुर शुगर मिल द्वारा लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

**शेरकोट ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल द्वारा आयोजित किए गए नि:शुल्क हेल्थ कैंप में रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन ट्रस्ट के डाक्टरों की टीम ने 102 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर नि:शुल्क दवाई वितरित की। ग्राम मुबारकपुर गांवड़ी निवासी कृषक संजीव कुमार की बैठक पर आयोजित नि:शुल्क हेल्थ कैंप में डाक्टर रोबिन सिंह और उनके साथियों ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और अलग-अलग बीमारियों से पीड़ितों को फ्री दवाइयां दी। इस मौके पर मेडिकल टीम ने ग्रामीणों को बीमारियों से बचाव के लिए घरों एवं आसपास सफाई रखने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में पानी इकट्ठा हो जाने से संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा बढ़ जाता है। साफ-सफाई रखकर संक्रामक रोगों से बचा और फैलने से रोका जा सकता है। इस दौरान ग्रामीणों ने धामपुर शुगर मिल द्वारा जनहित में फ्री मेडिकल कैम्प लगाए जाने की सराहना की। इस मौके पर मिल प्रबंधक सुरेंद्र पाल सिंह, गन्ना विकास अधिकारी अनिल चौहान, फील्ड स्टाफ विशाल राजपूत, संजीव कुमार, रुपेश कुमार, राशिद हुसैन, जुल्फिकार अहमद, दीपेश चौहान आदि मिल कर्मी, किसान और ग्रामीण मौजूद रहे।



# गौकशी करने वाले पकड़े गये अवैध शस्त्रों के साथ



**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** नवनियुक्त थाना प्रभारी सुनील सहरावत द्वारा अपराधों पर नियंत्रण रखने व क्षेत्र में गौकशी पर अंकुश लगाने तथा अपराधीक प्रवृति के लोगों पर शिकंजा करने के उद्देश्य से चलाये गये अभियान के तहत पुलिस द्वारा कार्यवाई करते हुए थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से चार लोगों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गांव ऊमरी कला निवासी मन्नान पुत्र इसरार को एक 12 बोर के तमंचे व दो जिंदा करतूस तथा उसी गांव के ही मरगूब पुत्र अमीर हसन को एक नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। दूसरी ओर पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव सराय डडूमबर निवासी आबिद पुत्र सईद तथा कोतवाली देहात के मोहल्ला रहमुल्ला कॉलोनी निवासी फिरोज पुत्र समीम को एक-एक नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया गया कि उपरोक्त अभियुक्तों पर पूर्व में भी पशु क्रूरता अधिनियम व गौ-वध से संबंधित मुकदमे विचाराधीन है।

# मालन नदी में डूबे एक किशोर का शव बरामद, दूसरे की तलाश जारी


मौके पर मौजूद चेयरमैन, विधायक व सीओ आदि।

किरतपुर (चिंगारी)। दो किशोरों के कल मालन नदी में डूब जाने से नगर में हड़कम्प मच गया। शाबान का शव आज दोपहर नदी से बरामद हो गया। अलीम की तलाश जारी है। बता दें कि किरतपुर के मोहल्ला राधगान के शाबान (15 वर्ष) पुत्र शादाब, अलीम (17 वर्ष) पुत्र आजम तथा सदीम (13 वर्ष) पुत्र भोला कल दोपहर बाद मालन नदी में नहाने गए थे। प्रत्यदर्क्षियों के अनुसार तीनों किशोर पुल से नदी में कूदकर नहा रहे थे। तीसरी बार जब ये तीनों पुल से नदी में कूदे तो पानी की तेज धार में बह गए। सदीम तो किसी तरह किनारे पर आ गया, लेकिन शाबान व अलीन पानी में बह गए।

इस घटना से शहर में हड़कम्प मच गया। हजारों लोग मौके पर पहुंच गये। चेयरमैन अब्दुल मन्नान अपनी पूरी टीम के साथ पहुंचे और प्रशासन को सूचना दी। थोड़ी देर बाद विधायक मनोज पारस भी पहुंच गए और डीएम से फ़ोन पर वार्ता कर गोताखोर रेस्क्यू टीम भेजने को कहा। प्रशासन की ओर से सीओ आकांक्षा गौतम, थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। रात 9 बजे तक सर्च अभियान चलता रहा। अंधेरा होने के कारण सर्च ऑपरेशन बंद करना पड़ा। आज सुबह कई टीमें सर्च ऑपरेशन में जुट गई। नायब तहसीलदार अतुल भगत की देखरेख में रेस्क्यू चलाया जा रहा है। चेयरमैन अब्दुल मन्नान खुद रेस्क्यू टीम के साथ बोट पर बैठकर बच्चों की तलाश कर रहे हैं। विधायक मनोज पारस कल देर रात घटनास्थल पर रहे और सुबह होते ही फिर पहुंच गए। आज दोपहर शाबान का शव पुल से थोड़ी दूर नदी से बरामद कर लिया गया। शव पानी में बहकर नीचे रेत में बैठ गया था। अलीम की तलाश जारी है। शाबान का शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया।


नदी में डूबे किशोरों के फाइल फोटो।

# बिजनौर नगर पालिका ने लिया वृक्षारोपण महाअभियान में पूर्ण योगदान का संकल्प



बिजनौर। जनपद में वृक्षारोपण महाअभियान 2026 के निर्धारित लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूरा करने के लिए बिजनौर नगर पालिका परिषद अपना सक्रिय योगदान देगी। इस आशय का एक सामूहिक संकल्प पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह की अध्यक्षता में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया। पालिका अध्यक्ष के कार्यालय कक्ष में आयोजित इस बैठक में नगर के विभिन्न वार्डों के सभासदों ने भाग लिया.बैठक को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्षा श्रीमती इंदिरा सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण महाअभियान 2026 के अंतर्गत इस वर्ष जनपद का कुल लक्ष्य 76 लाख पौधे रोपने का है। इस विशाल लक्ष्य में से जिले भर की नगर पालिका परिषदों को सामूहिक रूप से 49,000 पौधे लगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने जानकारी दी कि इसमें से बिजनौर नगर पालिका परिषद को 2,798 पौधे रोपने का विशेष लक्ष्य मिला है। अध्यक्षा ने जोर देकर कहा कि इस पर्यावरण मित्र लक्ष्य को समय से पूरा करने के लिए हर वार्ड के सभासद को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय सहयोग देना होगा.बैठक के दौरान पालिका के अवर अभियंता (सिविल) यशवंत सिंह ने पौधारोपण के लिए चयनित किए गए प्रमुख स्थानों की सूची साझा की। उन्होंने बताया कि बिजनौर नगर के अंबे विहार कॉलोनी पार्क, कांशीराम कॉलोनी, रामलीला मैदान, कांशीराम कॉलोनी बैराज रोड, जलालपुर रोड पर गंगा देवी मंदिर तक, दीवान वाला तालाब और फरीदपुर काजी स्थित गौशाला की भूमि पर सघन पौधारोपण किया जाएगा.इस महत्वपूर्ण बैठक में नगर के सभासदों के अलावा मुख्य रूप से सफाई निरीक्षक गोविंद चौधरी, गौरव शर्मा तथा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. बीरबल सिंह सहित पालिका के अन्य अधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

**2798 पौधे लगाने का लक्ष्य**

## सूचना

हमारा पुत्र मौ. अन्जार हमारे कहने सुनने में नहीं है। इसलिए हमने अपने पुत्र मौ. अन्जार से हर प्रकार के संबंध विच्छेद कर लिये है तथा उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मौ. अन्जार से अब हमारा कोई रिश्ता नहीं है, उसके किसी भी प्रकार के कार्य के लिए हम जिम्मेदार नहीं होंगे।

**-अल्ताफ हुसैन पुत्र रफीक अहमद, तहसीना बानो पत्नी अल्ताफ हुसैन, निवासी मौहल्ला जाब्तागंज, नजीबाबाद जिला बिजनौर**

## चेक बाउंस मामलों में राजपाल यादव को 3 महीने की जेल

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कई चेक बाउंस मामलों में अभिनेता राजपाल यादव की दोषी ठहराये जाने को बरकरार रखते हुए उन्हें सात मामलों में से प्रत्येक में तीन महीने के साधारण कारावास की सजा सुनाई। ये सभी सजाएं साथ चलेंगी। न्यायाधीश स्वर्ण कांत शर्मा ने मामले की सुनवाई के बाद यह निर्देश दिया। न्यायालय ने श्री यादव को प्रत्येक मामले में एक करोड़ पांच लाख रुपये का मुआवजा देने का भी आदेश दिया, जिसमें से एक करोड़ चार लाख 75 हजार रुपये शिकायतकर्ता को और 25 हजार रुपये राज्य को दिए जाने हैं।


**बिजनौर में खुल गया है**

ATHER कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर ATHER

आज ही लायें एथर स्कूटर



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह

एथर का शोरूम

आवश्यकता है- धामपुर में मैनेजर एवं मैकेनिक की (केवल धामपुर वाले को वरीयता)

मो. 8192801901

**Dhruvika Motors**

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# आईएचएमएस में प्रवेश लेने वाले 225 नवीन छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया

## कॉलेज की शिक्षा व्यवस्थाओं व नियमों की जानकारी दी





**कोटद्वार ( चिंगारी )।** इंस्टीट्यूट ऑफ हास्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से कालेज में इस वर्ष प्रवेश लेने वाले 225 नवीन छात्र-छात्राओं के लिए पांच दिवसीय स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उन्हें कालेज की शिक्षा व्यवस्थाओं और नियमों की जानकारी दी गई।

बलभद्रपुर (बीईएल रोड) स्थित कालेज परिसर में आयोजित सम्मान समरोह के पहले दिन सुबह सभी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। इसके बाद उन्हें कालेज के सभागार में कालेज और कोर्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। समारोह के दूसरे और तीसरे दिन छात्र-छात्राओं को कालेज के सभी बीबीए, बीसीए, बीएससी-आईटी और बीएचएम कोर्स की जानकारी दी गई। समारोह के चौथे दिन विभिन्न इन डोर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने अपनी रुचि के अनुसार खेल में उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। अंतिम दिन छात्र-छात्राओं से बीसीए, बीएससी आईटी, बीबीए और बीएचएम कोर्स के प्रध्यापकों का परिचय कराया गया। शिक्षकों ने छात्रों को सेमेस्टर वाइज कोर्स की जानकारी देते हुए, मेहनत और लगन के साथ शिक्षा लेते हुए अपने सपनों को साकार करने की शुभकामनाएं दीं। कालेज के सभागार में आयोजित समारोह में कालेज के डायरेक्टर एडमिन ले. कर्नल बीएस गुसाईं ने छात्रों को कालेज के नियम और शैक्षणिक माहौल की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों से आईएचएमएस कालेज सफलता पूर्वक संचालित हो रहा है। कॉलेज से शिक्षा लेकर निकले सैकड़ों छात्र आज देश और विदेश में अव्वल श्रेणी के विभिन्न संस्थानों में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कालेज प्रबंधन की ओर से सभी आधुनिक सुविधाएं जुटाई गई हैं। कॉलेज को 'नेक' का ग्रेड मिलने पर देश की जानी मानी कंपनियां कैंपस सलेक्शन के लिए आईएचएमएस का रुख कर रही हैं। जिसका लाभ छात्रों को प्लेसमेंट के रुप में मिल रहा है।

इस अवसर पर कॉलेज के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी, प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा, जन संपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष अनुराग सेमवाल, मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष सुरेंद्र जगवान, होटल मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष वेद प्रकाश राठौर, एडमिशन इंचार्ज विजय पंत, नवीन रावत, श्रुति नेगी समेत सभी प्राध्यापक और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सोनिया कुमारी बिष्ट ने किया।

## निराश्रित गौवंश नहीं मिलेंगे अब सड़क पर देहरादून गौशाला में भेज रहे पकड़ कर



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** आगामी कांवड़ मेला को देखते हुए क्षेत्र में निराश्रित पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं व यातायात व्यवधान के निस्तारण के लिए नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती-ढालवाला ने निराश्रित गौवंशों को हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। शुक्रवार तक 60 निराश्रित गौवंशों को निकाय की ओर से गौशाला भेजा जा चुका है। पालिकाध्यक्ष नीलम बिजल्वाण और अधिशासी अधिकारी बद्री प्रसाद भट्ट के निर्देशों के अनुपालन में शुक्रवार को भी मुख्य सफाई निरीक्षक नितिन सती के नेतृत्व में पालिका की टीम ने रामझूला और ढालवाला से निराश्रित गौवंशों को कैटल कैचर में पकड़कर गौशाला भेजा। अधिशासी अधिकारी बद्री प्रसाद भट्ट ने बताया आगामी कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत निकाय की ओर से प्रतिदिन निराश्रित गौवंशों को पकड़कर देहरादून स्थित गौशाला में भेजा जा रहा है। शीघ्र ही नगर क्षेत्र को निराश्रित गौवंशों के आतंक से निजात मिलेगी।

## स्मैक के साथ, दो युवक आये हाथ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोतवाली पुलिस ने आपरेशन प्रहार के अंतर्गत 36 लाख रु. कीमत की 120 ग्राम स्मैक सहित दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार के नशा तस्करी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार ठाकुर एवं क्षेत्राधिकारी अस्मिता मंमगाई के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक प्रदीप नेगी के नेतृत्व में कोटद्वार पुलिस व सीआईयू टीम द्वारा कौड़िया क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम द्वारा कौड़िया कैम्प की तरफ मजार के गेट के पास दो युवकों को संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए पाया गया, जिनकी चेकिंग करने पर दोनों युवकों के कब्जे से पुलिस टीम को 120 ग्राम स्मैक बरामद हुई। इस पर पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम सोहेल, उम्र- 21 वर्ष, पुत्र मांगा हसन, निवासी- धनपुरा, पथरी, जनपद- हरिद्वार व साहिब, उम्र- 20 वर्ष, पुत्र कय्यूम, निवासी-धनपुरा, पथरी, जनपद- हरिद्वार बताया। मौके पर पुलिस टीम ने दोनो के पास से 60-60 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की। दोनों गिरफ्तारशुदा आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करने के साथ ही न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## गैस चैकिंग के नाम पर अवैध वसूली का विरोध

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने गैस चैकिंग के नाम पर वसूली किए जाने का विरोध किया है। कहा कि गैस चैकिंग के नाम पर एजेंसी के लोग उपभोक्ताओं के घरों में आकर 236 रूपए की पर्ची काट रहे हैं। इस संबंध में शुक्रवार को संगठन के मीडिया प्रभारी बलवान सिंह रावत की ओर से उपजिलाधिकारी संदीप कुमार को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में कोटद्वार क्षेत्र में संचालित गैस एजेंसियों के कर्मचारी उपभोक्ताओं के घर-जाकर गैस सुरक्षा संबंधी जानकारी देने के साथ ही 236 रूपए की पर्ची काट रहे हैं, जो अनुचित है। कहा कि इस प्रकार की जानकारी देने के लिए सौ रूपए ही काफी है। मांग की कि जिन उपभोक्ताओं से 236 रूपए की रकम वसूली गई है, उन उपभोक्ताओं से सौ रूपए काटकर बाकी 136 रूपए वापस करवाए जाने चाहिए व भविष्य में इस राशि को सौ रूपए ही रखा जाना चाहिए।

## पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बारिश का असर पड़ रहा है कोटद्वार की जनता पर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार और आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों में बुधवार से हो रही लगातार बारिश ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। साथ ही बारिश के कारण कोटद्वार शहर में पानी निकासी की व्यवस्था की पोल भी खुल गई है। पहाड़ की तलहटी में बसे शहर कोटद्वार में तीव्र ढाल होने के चलते ऊंचे स्थानों से बरसात का पानी तेजी से आकर बहता है जबकि निचले इलाकों में नुकसान की आशंका बनी रहती है। अभी तक हुई बारिश में बदरीनाथ मार्ग पर बेस अस्पताल के निकट, तहसील के सामने, कोतवाली के सामने, मालवीय उद्यान के निकट, झंडाचौक क्षेत्र, सैनिक विश्राम गृह, तीलू रौतेली चौक, देवी रोड, नजीबाबाद मार्ग, कौड़िया चौराहा, बीईएल मार्ग पर सड़क गड्ढों में तब्दील होने लगी है। वहीं गलियों और मोहल्लों में बारिश के पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण पानी लोगों के घरों में घुस रहा है। बारिश के कारण कौड़िया से संतोषी माता मंदिर की ओर जाने वाली सड़क पर बिछाई इंटरलाकिंग टाइल्स भी उखड़ गई हैं।

## सरस्वती विद्या मंदिर में अभिभावक सम्मेलन का आयोजन



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** ढालवाला स्थित पुष्पा बडेरा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय बडोनी, कार्यक्रम अध्यक्ष हेमलता कुकरेती, मुख्य वक्ता रचना रावत, विद्यालय के शिक्षक प्रभाकर भट्ट, विवेक डोभाल द्वारा सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन/पुष्पार्चन कर किया गया। अतिथियों को अंग वस्त्र भेंट किये गये। मुख्य वक्ता रचना रावत ने कहा कि छात्र मोबाइल का कम से कम प्रयोग करें एवं छात्र की प्रगति के लिए माता-पिता सक्रिय रहे। कार्यक्रम अध्यक्ष हेमलता कुकरेती ने कहा कि विद्यालय द्वारा प्रदत्त संस्कारों को छात्र ग्रहण करें एवं सीखने के लिए विभिन्न तकनीकी का प्रयोग करें। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय बडोनी ने कहा कि अभिभावक सम्मेलन का उद्देश्य माता-पिता व शिक्षकों के बीच संवाद स्थापित करके शैक्षणिक प्रदर्शन, व्यवहार और समग्र विकास को बेहतर बनाना है। शिक्षक प्रभाकर भट्ट विवेक डोभाल ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के अनेक उपकरण है, जिनके माध्यम से विद्यार्थी कठिन से कठिन प्रकरणों को सरलता से पढ़ एवं समझ सकता है। कार्यक्रम में संपत्ति देवी, अनीता देवी, सपना सेमवाल, अंचला देवी, पूनम देवी, आरती, संजय सिंह, पुष्पा देवी, सनोज कुमार प्रसाद, इंदु देवी, सीमा देवी आदि उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# थू बाप ने किया सगी बेटी से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। नगर के एक मोहल्ले में कलयुगी पिता द्वारा अपनी सगी पुत्री के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। नगर के मोहल्ला जाब्तागंज में एक पिता द्वारा अपनी सगी दस वर्षीय पुत्री के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया, जिसकी शिकायत पीड़िता के दादा ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में तुरंत मुकदमा दर्ज कर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पिता द्वारा अपनी ही सगी बेटी के साथ दुष्कर्म के प्रयास की घटना की लोगों ने निंदा की है। सीओ आकांक्षा गौतम ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।


## आवश्यकता है

**R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL**
(C.B.S.E. Patteran An English Medium)

ग्राम फतेहपुर कलां, बिजनौर को कक्षा एक से कक्षा 8 तक सभी विषयों हेतु अध्यापक/अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति तुरंत सम्पर्क करें। वेतन योग्यतानुसार। स्टाफ के लिये आने व जाने की सुविधा।
मो. 8394838034, 8954568123, 9359888044


## जलालाबाद गुरुकुल से लापता छात्र सहस्त्रधारा से सकुशल बरामद

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। कस्बा जलालाबाद स्थित जीवन प्रभात गुरुकुल से 26 दिन पहले लापता हुआ छात्र देहरादून के सहस्त्रधारा क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया गया। छात्र के पिता को उसके फोन करने के बाद भारतीय किसान यूनियन (देव शक्ति) के पदाधिकारियों ने देहरादून पहुंचकर छात्र को सकुशल वापस लाने में सहयोग किया। ग्राम नसरुल्लापुर उर्फ छोटा पैमार थाना किरतपुर निवासी योवंश सिंह अहलावत पुत्र यशपाल सिंह जीवन प्रभात गुरुकुल जलालाबाद में अध्ययनरत है। बताया गया कि 13-14 जून की रात वह अचानक गुरुकुल से लापता हो गया था। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगने पर पिता यशपाल सिंह ने थाना नजीबाबाद में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बुधवार को यशपाल सिंह के मोबाइल पर छात्र का फोन आया। उसने बताया कि वह देहरादून के सहस्त्रधारा रोड क्षेत्र में है। सूचना मिलते ही भारतीय किसान यूनियन (देव शक्ति) के जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान व तहसील अध्यक्ष नितिन चौहान, यशपाल सिंह के साथ कार से देहरादून पहुंचे। वहां से छात्र को सकुशल बरामद कर परिजनों के साथ वापस ले आए। फिलहाल छात्र को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।







